# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2021

14/6/11

# मानव तस्करी रोकने को थाने हों सशक्त

गोरखपुर (एसएनबी)। बच्चों के उत्पीड़न, तस्करी एवं अन्य सभी प्रकार के बाल अपराधों से बच्चों की सुरक्षा एवं आवश्यक कार्यवाही पर चर्चा हेतु अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने वेविनार का आयोजन किया। जिसमे जोन के सभी जनपदों से नोडल अपर पुलिस अधीक्षक, जनपदीय एएचटीयू (एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट) के प्रभारी, जनपदीय बाल कल्याण अधिकारी, प्रोबेशन अधिकारी, सीडब्ल्यूसी तथा प्रमुख सामाजिक संगठनों के व्यक्तियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।




वेविनार में शामिल मुख्य वक्ताओं में डा. ओंकार तिवारी, डा. मुमताज एवं मानव सेवा संस्थान के निदेशक राजेश मणि (गोरखपुर), सीडब्ल्यूसी महराजगंज के अध्यक्ष विनोद तिवारी , संजय अवस्थी सदस्य सीडब्ल्यूसी बहराइच, सीडब्ल्यूसी बलरामपुर के अध्यक्ष करुणेन्द्र, डीपीओ गोरखपुर सर्वजीत सिंह, आशीष मिश्र चाइल्ड लाइन गोण्डा तथा वीडी मिश्र एसपीओ गोरखपुर शामिल रहे। बैठक के दौरान प्रतिभागियों द्वारा मुख्य रुप से एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिग थाने को और सशक्त बनाने की आवश्यकता पर बल दिया गया। प्लेसमेन्ट एजेन्सी पर नजर रखने की बात कही गयी। टूरिस्ट वीजा पर माइग्रेन्ट्स को भेज दिया जाता है जबकि वर्किंग वीजा पर कार्य हेतु जाना चाहिए की भी बात उठायी गयी। सभी थाने के बाल कल्याण अधिकारियों के पास सीयूजी ) होना चाहिए।बाल कल्याण अधिकारियों का स्थानान्तरण जल्दी न किया जाए । यदि किया जाए तो उसी पद पर किया जाए । कानून एजेन्सी के साथ - साथ पंचायत स्तर के लोगों के साथ समन्वय बनाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया। सभी एजेन्सियों को आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य करना चाहिए। संबंधित कानूनों का अच्छे से सम्पादन, जागरुकता और संवेदना की आवश्यकता का होना आदि पर सुझाव दिया गया। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन द्वारा बैठक में दिये गये सुझावों का स्वागत करते हुए उन पर शीघ्र विचार करने का आश्वासन दिया गया।

**थाने के बाल कल्याण अधिकारियों के पास सीयूजी होना चाहिए**

**बाल कल्याण अधिकारियों का स्थानान्तरण जल्दी न किया जाए**

हिन्दुस्तान

# एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाने को सशक्त बनाएं

गोरखपुर | वरिष्ठ संवाददाता

उत्पीड़न, तस्करी सहित अन्य प्रकार के बाल अपराधों से बच्चों की सुरक्षा तथा आरोपितों पर कार्रवाई पर चर्चा के लिए एडीजी जोन अखिल कुमार ने शनिवार को ऑनलाइन गोष्ठी की। इस दौरान एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाने को और सशक्त बनाने के साथ ही कई बिंदुओं पर वक्ताओं ने सुझाव दिए। एडीजी ने इन सुझाव पर विचार कर जल्द ही अमल में ले आने का आश्वासन दिया।

बैठक में जोन के सभी जनपदों से नोडल अपर पुलिस अधीक्षक तथा जनपदीय एएचटीयू प्रभारी और जनपदीय बाल कल्याण अधिकारी, प्रोबेशन अधिकारी सीडब्ल्यूसी व प्रमुख सामाजिक संगठनों से जुड़े लोग इसमें शामिल हुए। इन लोगों ने मुख्य रूप से एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग थाने को और सशक्त बनाने तथा प्लेसमेन्ट एजेन्सी पर नजर रखने की आवश्यकता पर जोर



अखिल कुमार, एडीजी जोन। • हिन्दुस्तान

दिया। उन्होंने बताया कि टूरिस्ट वीजा पर माइग्रेन्ट्स को भेज दिया जाता है जबकि वर्किंग वीजा पर कार्य के लिए जाना चाहिए। वक्ताओं ने कहा कि सभी थाने के बाल कल्याण अधिकारों के पास सीयूजी होना चाहिए, बाल कल्याण अधिकारियों का स्थानान्तरण जल्दी-जल्दी न किया जाए और यदि किया जाए तो उसी पद पर किया जाए। पंचायत स्तर के लोगों के साथ भी समन्वय बनाने की आवश्यकता है। मानव सेवा संस्थान के निदेशक राजेश मणि ने कहा कि सभी एजेन्सियों को आपस में समन्वय स्थापित करना चाहिए।

सम्बन्धित कानूनों का अच्छे से सम्पादन तथा जागरुकता और संवेदना की आवश्यकता सहित अन्य विंदुओं पर भी लोगों का सुझाव आया। अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन ने बैठक में दिए गए सुझावों का स्वागत करते हुए उन पर शीघ्र विचार करने का आश्वासन दिया। बैठक में मुख्य रूप से डा. ओंकार तिवारी गोरखपुर, डा. मुमताज गोरखपुर, विनोद तिवारी अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी महराजगंज, संजय अवस्थी सदस्य सीडब्ल्यूसी बहराइच, करुणेन्द्र अध्यक्ष सीडब्ल्यूसी, सर्वजीत सिंह डीपीओ गोरखपुर और आशीष मित्र चाइल्ड लाइन गोण्डा तथा वीडी मिश्र एसपीओ गोरखपुर शामिल रहे।

हिन्दुस्तान

एक अगस्त से लागू हो रही व्यवस्था, देरी पर कट जाएंगे पुलिस के 100 रुपये, पहले 21 दिन रहता था पुलिस के पास

# पासपोर्ट :15 दिन में ही करनी होगी पुलिस को जांच

व्यवस्था

**गोरखपुर| विवेक पांडेय**

**15** सौ रुपये देने होते है साधारण पासपोर्ट बनवाने के लिए अभ्यर्थी को

**03** हजार रुपये शुल्क देने पड़ता है तत्काल कोटे से पासपोर्ट के लिए



"एक अगस्त से पासपोर्ट जांच की व्यवस्था में बदलाव किया जा रहा है। पहले 21 दिन में जांच रिपोर्ट देनी होती थी। अब इसे 15 दिन कर दिया गया है। 15 दिन में रिपोर्ट देने पर विभाग को प्रति पासपोर्ट 150 मिलेगा। नहीं तो सिर्फ 50 रुपये ही मिलेगा।"
–राम सेवक गौतम, नोडल अधिकारी

पासपोर्ट बनवाने वालों के लिए खुशखबरी है। अब उन्हें पहले से भी कम समय में पासपोर्ट मिल जाएगा। इसमें देरी होगी तो पुलिस जिम्मेदार मानी जाएगी और उसका 100 रुपये प्रति पासपोर्ट नुकसान भी होगा। एक अगस्त से लागू हो रही इस व्यवस्था में पुलिस जांच की मियाद 21 दिन से घटाकर 15 दिन कर दी गई है। इस व्यवस्था को अमलीजामा पहनाने के लिए पासपोर्ट जांच से जुड़े संबंधित लोगों को निर्देश दे दिया गया है।

पुलिस की जांच में तेजी इसलिए भी आएगी क्योंकि प्रति पासपोर्ट जांच में पुलिस को 150 रुपये मिलते हैं। अगर 15 दिन के अंदर यह जांच पूरी नहीं हुई तो 100 रुपये पुलिस के कट जाएंगे और सिर्फ 50 रुपये ही मिलेंगे। यही नहीं जांच में देरी से पुलिस की छवि खराब होगी। इतना ही नहीं देरी की वजह भी बतानी होगी।

**ऑन लाइन से व्यवस्था से हुई पुलिस जांच में सुधारः** प्रदेश के सभी थानों में एम पासपोर्ट पुलिस एप का लागिन व पासवर्ड दिया गया है। जिससे जांच के लिए फाइल की जगह ऑनलाइन व्यवस्था हो गई है। एम पासपोर्ट पुलिस एप की ऑनलाइन व्यवस्था से पासपोर्ट की जांच में समय काफी कम लगने लगा है। अभ्यर्थी के आवेदन व तय स्लाट पर पासपोर्ट कार्यालय में दस्तावेज जमा करने के कुछ घंटों बाद ही विभाग द्वारा पुलिस सत्यापन के लिए फाइल एसएसपी, एसपी को भेज दी जाती है। जहां से उसे संबंधित थाना और एलआईयू को भेज दिया जाता है। जहां से संबंधित थाना भी अब फाइल को आनलाइन ही सत्यापन के बाद सबमिट कर देता है। जिससे समय बचने लगा है।

**हर रोज अप्लाई हो रहे 1500 से 2000 पासपोर्टः** गोरखपुर क्षेत्रीय पासपोर्ट सेवा केंद्र पर रोजाना 350 युवाओं को पासपोर्ट के लिए अप्वाइंटमेंट दिया जा रहा है। जबकि रोज नए पासपोर्ट के आवदेन करीब 1500 से 2000 हो रहे हैं। हालांकि कोरोना के बाद यहां रोजाना बुक होने वाले स्लॉट घटाकर आधे 350 कर दिए गए हैं। जबकि पहले रोजना 700 पासपोर्ट के अप्वाइंटमेंट होते थे। ऐसे में इन दिनों पासपोर्ट हासिल करने के लिए यहां युवाओं को कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है।

हालांकि इन 350 पासपोर्ट के अप्वाइंटमेंट में गोरखपुर के अलावा अन्य छह जिले महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, सिद्धार्थनगर, संतकरीबनगर व बस्ती भी शामिल है। गोरखपुर पुलिस इस समय 2000 से ज्यादा लोगों का हर महीने वेरिफिकेशन कर रही है।

**सत्यापन में सुधार बाद घटाई गई है व्यवस्थाः** पहले पुलिस 21 दिन में भी पासपोर्ट का सत्यापन नहीं कर पाती थी। गोरखपुर में ही बड़ी संख्या में आवेदन लंबित रहते थे। इसमें न सिर्फ भ्रष्टाचार का आरोप लगता था बल्कि पुलिस विभाग को भी काफी नुकसान होता था। ऑनलाइन एप आने के बाद से काफी सुधार हुआ है। अब 21 दिन के अंदर जांच रिपोर्ट भेज दी जा रही है। यही वजह है कि अब समय को घटाकर 15 दिन किया जा रहा है।

हिन्दुस्तान

# पत्नी को मौत के घाट उतारने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

**गोरखपुर | निज संवाददाता**

पारिवारिक कलह में पत्नी को चाकू गोद कर मौत के घाट उतारने वाले आरोपित पति को शनिवार को पुलिस ने खजनी में अस्पताल रोड के पास से गिरफ्तार कर ली। पुलिस ने उससे आला कत्ल चाकू बरामद की। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया।

परिवारिक विवाद में खजनी क्षेत्र के भलुआन गांव में 12 जुलाई को धर्मेन्द्र सिंह द्वारा अपनी पत्नी पूनम सिंह को चाकू से हमला कर दिया। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाते समय रास्ते में उनकी मौत हो गई। मृतका के भाई संतकबीरनगर के महुली क्षेत्र के निबा होरिला गांव निवासी कुलदीप सिंह की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित पति धमेन्द्र सिंह उसके दो अन्य सहयोगी खजनी क्षेत्र के कुंवरजोत गांव निवासी गुलाब सिंह एवं खजनी क्षेत्र के हर्दीडीह गांव निवासी राजकुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी। गुलाब और राजकुमार को पहले ही पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। आरोपित पति को शनिवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने खजनी अस्पताल रोड से उसे गिरफ्तार कर लिया।

जागरण

# पुलिस ने मांगी 24 घंटे में जन्मे बच्चों की सूची

नवजात का शव एमसीएच विंग के शौचालय में कैसे पहुंचा कोतवाली पुलिस ने इसकी जांच शुरू कर दी है। अस्पताल के अंदर और बाहर लगे सीसी कैमरे की फुटेज चेक किया जा रहा है। 24 घंटे में अस्पताल में जन्मे बच्चों और भर्ती हुई महिलाओं की सूची भी मांगी गई है।

**एसआइसी ने साधी चुप्पी :** शौचालय में नवजात का शव मिलने के बाद महिला अस्पताल के एमसीएच विंग में हड़कंप मचा है।सुरक्षा को लेकर सवाल खड़ा होने के बाद एसआइसी ने चुप्पी साध ली है। उनके मोबाइल पर कई बार फोन किया गया लेकिन काल रिसीव नहीं हुआ।

जागरण

# एसएसएफ ने तैयार किया 18 जिलों की कचहरी का सुरक्षा खाका

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : एक माह पहले गठित विशेष सुरक्षा वाहिनी (एसएसएफ) की गोरखपुर यूनिट ने गोरखपुर समेत प्रदेश की 18 जिलों की कचहरी का खाका तैयार कर लिया है। गोरखपुर की 26वीं वाहिनी पीएसी से एसएसएफ में भेजे गए जवान पहले चरण में कचहरी, फिर एयरपोर्ट, मंदिरों व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा व्यवस्था संभालेंगे।

गोरखपुर यूनिट में एसएसएफ की आठ कंपनियां होंगी। इसमें कुल 1250 जवान और कर्मचारी होंगे। इनके जिम्मे गोरखपुर, बस्ती, देवीपाटन, वाराणसी और आजमगढ़ मंडल के 18 जिलों के कचहरी की सुरक्षा-व्यवस्था का दायित्व होगा। अभी एसएसएफ का कार्यालय 26वीं वाहिनी पीएसी परिसर में है। पीएसी के 82 जवानों को एसएसएफ में स्थानांतरित करके बटालियन बनाई गई है। जवानों को लखनऊ भेजकर प्रशिक्षित किया जाएगा।

चिउटहा के पास तलाशी गई 50 एकड़ जमीन : एसएसएफ की यूनिट खोलने के लिए चिउटहा के पास 50 एकड़ जमीन चिह्नित है। कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद काम शुरू होने की उम्मीद है। पहले चरण में बल को न्यायालय सुरक्षा में लगाया जाएगा।

## तैयारी

- पहले चरण में कचहरी की सुरक्षा संभालेगा विशेष बल
- बाद में एयरपोर्ट व अन्य महत्वपूर्ण स्थानों की सुरक्षा की होगी जिम्मेदारी

"गोरखपुर, बस्ती, देवीपाटन, वाराणसी व आजमगढ़ मंडल के 18 जिले के कचहरी की सुरक्षा का ब्लूप्रिंट तैयार कर पुलिस मुख्यालय भेज दिया गया है। भवन निर्माण के लिए चिउटहा के पास जमीन देखी गई है। औपचारिकता पूरी होने के बाद निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। यूनिट के जवानों का प्रशिक्षण जल्द ही शुरू हो जाएगा।

**कुंतल किशोर**, कमांडेंट, एसएसएफ

अमर उजाला

# दोस्तों के बहकावे में की थी पत्नी की हत्या

## आरोपित को गिरफ्तार कर पुलिस ने भेजा जेल

**अमर उजाला ब्यूरो**

**गोरखपुर।** खजनी इलाके के भलुआन में 12 जुलाई को पूनम सिंह की चाकू मारकर हत्या के आरोपित पति धर्मेंद्र सिंह को पुलिस ने शनिवार को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया। पूछताछ में पता चला कि दो दोस्तों गुलाब सिंह और राजकुमार सिंह के बहकावे में आकर उसने पत्नी की चाकू मारकर हत्या कर दी थी।

अमर उजाला फॉलोअप

पुलिस ने संतकबीरनगर के महुली निवासी पूनम सिंह के भाई कुलदीप सिंह की तहरीर पर तीन लोगों के विरुद्ध हत्या और आपराधिक साजिश का केस दर्ज किया है। फरार दो आरोपितों की तलाश में पुलिस लगी है।

जानकारी के मुताबिक, धर्मेंद्र सिंह पैर से दिव्यांग हैं। इस वजह से फोरलेन में आई उनकी जमीन के मुआवजे के रुपये उनके पिता ने उनकी पत्नी पूनम को दे दिए थे। धर्मेंद्र का आए दिन इन रुपयों के लिए पूनम से विवाद होता था। 12 जुलाई को भी उसने शराब पीने के लिए रुपये की मांग की लेकिन पूनम ने रुपये नहीं दिए। इसके बाद उसी दिन शाम को धर्मेंद्र ने पूनम पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर दिए। आननफानन उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन उनकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया था लेकिन तहरीर नहीं मिलने से केस दर्ज नहीं हुआ था। केस दर्ज होते ही पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया जबकि दो आरोपित जिनके चढ़ाने पर धर्मेंद्र ने ऐसा काम किया, उनकी तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि दोनों आरोपित धर्मेंद्र के साथ ही शराब पीते थे इसीलिए उसे रुपये के लिए हत्या करने को उकसाया।

अमर उजाला

# दुष्कर्म का आरोपित हुआ गिरफ्तार

**गोरखपुर।** रामगढ़ ताल पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपित मुशर्रफ अली उर्फ सोनू को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। नौकायन के पास से गिरफ्तार किए गए युवक को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

# बालक की मौत

**कैंपियरगंज।** क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा बडुआ में सांप के डंसने से एक तीन वर्षीय बालक की मौत हो गई है, जिसका नाम लवकुश पुत्र पंचम है। शनिवार को लवकुश अपने घर में खेल रहा था। इसी दौरान उसे सांप ने डंस लिया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बनकटी से चिकित्सकों ने उसे पनियारा रेफर कर दिया, रास्ते में उसकी मौत हो गई। बच्चे का पोस्टमार्टम अभी नहीं हुआ है। संवाद

# DEORIYA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2021

हिन्दुस्तान 18/7/21

# मालिक के घर में चोरी करने वाली महिला को दबोचा

**देवरिया।** सदर कोतवाली क्षेत्र के सोन्दा गांव के रहने वाले तेज बहादुर के मकान में एक महिला अपने बच्चों के साथ किराए पर तीन माह पूर्व रहने आई थी। गुरुवार को मकान मालिक के घर में चोरी हो गई। चोरों ने मकान से नगदी और जेवरात की चोरी कर ली। उसी दिन पड़ोसी संतोष शर्मा के घर भी चोरों ने हाथ साफ कर दिया। चोरों ने घर में रखा कीमती जेवरात और नगदी चुरा ले गए। पीड़ितों ने घटना की सूचना कोतवाली पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच शुरु किया। पुलिस को चोरी संदिग्ध लगी और परिवार के सदस्यों के साथ आने जाने वाले लोगों के बारे में पूछताछ की। पुलिस ने तेज बहादुर के मकान में रह रही महिला किराएदार से पूछताछ किया तो चोरी की घटना का खुलासा हुआ। पुलिस ने महिला को हिरासत में लेकर चोरी का सारा सामान बरामद किया। पुलिस महिला को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

हिन्दुस्तान 10/7/21

# लूट के आरोप में पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

**देवरिया।** पुलिस ने लूट के मामले में केस दर्ज किया है। सदर कोतवाली क्षेत्र के पिपराचन्द्रभान गांव के रहने वाले अर्जुन बासफोर ने कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया था कि 15 अप्रैल को वह साइकिल से बाजार कर घर वापस जा रहा था।

रास्ते में सोंदा चौराहे के समीप ही पहुंचे थे कि बाइक सवार तीन बदमाशों ने रोक कर युवक को मारपीट कर घायल कर दिया। बदमाशों ने युवक के पाकेट से मोबाइल और रुपये भी लूट लिया। पीड़ित की तहरीर पर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। पीड़ित ने एसपी से गुहार लगाई। एसपी के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने तीन अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध केस दर्ज

हिन्दुस्तान दि. 10/7/21

शिक्षक भर्ती फर्जीवाड़े में एसआईटी कल से शुरू करेगी जांच

# एसआईटी ने मुकदमे से जुड़े कागजात खंगाले

देवरिया | निज संवाददाता

बीएसए कार्यालय से लाई गई पत्रावलियों को एसआईटी ने खंगालना शुरू कर दिया है। एसआईटी की 15 सदस्यीय टीम में शामिल सीओ सदर ने शनिवार को कोतवाली में घंटों इन पत्रावलियों को देखा-परखा। शुक्रवार को कोतवाल ने बीएसए कार्यालय से दर्ज मुकदमें से संबंधित पत्रावलियों को अपने कब्जे में लिया था।

फर्जीवाड़ा कर बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और दलालों के गठजोड़ ने कई एडेड स्कूलों में शिक्षकों की नियुक्ति कर दी थी। इस मामले एसटीएफ ने पांच लोगों की गिरफ्तारी करते हुए कोतवाली में 18 के खिलाफ केस दर्ज कराया था। मुकदमा दर्ज करने के बाद मामले की विवेचना कोतवाल राजू सिंह कर रहे हैं। बीएसए ने शुक्रवार को विवेचक को पत्रावली उपलब्ध कराई। एसआईटी के अध्यक्ष क्षेत्राधिकारी सदर श्रीयश त्रिपाठी ने इन सभी पत्रावलियों को खंगाला।

एसआईटी जांच की सूचना मिलते ही बेसिक शिक्षा विभाग में लिपिक कर्मचारी और अधिकारी अपने अपने पत्रावलियों को एकत्र करने में लग गए हैं। सूत्रों की मानें तो फर्जी और कूटरचना के पत्रों को भी वे नष्ट भी कर रहे हैं। वहीं डिस्पैच रजिस्टर को ढूंढ़ा जा रहा है।

## एसटीएफ ने बीएसए कार्यालय पहुंचकर की पूछताछ

देवरिया। गोरखपुर एसटीएफ की टीम शनिवार की शाम को बीएसए कार्यालय पहुंची। यहां करीब एक घंटे तक टीम के सदस्यों ने बीएसए और कर्मचारियों से अशासकीय सहायता प्राप्त पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही संबंधित पटल देखने वाले लिपिक से जानकारी मांगी और उसके रिकार्ड भी चेक किया। इसके साथ ही कुछ अन्य संदिग्ध शिक्षकों के बारे में पूछताछ किया। वहीं बीएसए कार्यालय के वित्त एवं लेखाधिकारी के कार्यालय कब से नहीं आने और उनके बारे में जानकारी ली। टीम के सदस्य एक घंटे तक बीएसए कार्यालय में जमे रहे। इसके बाद टीम के सदस्य वापस लौट गए।

## वित्त लेखाधिकारी की नहीं हुई गिरफ्तारी

इस मामले में पहले दिन ही तीन शिक्षक समेत पांच लोग जेल भेजे गए थे। इसके अलावा किसी अन्य कर्मचारी, शिक्षक और दलालों की गिरफ्तारी नहीं हुई है। जिससे कोतवाली पुलिस पर सवाल उठने लगे हैं। पुलिस वित्त एवं लेखाधिकारी को भी गिरफ्तार करने में नाकाम रही है।

## फर्जी शिक्षकों के केस की जांच

देवरिया। जिले में फर्जीवाड़े में बर्खास्त शि
दर्ज मुकदमों की जांच में भी तेजी आ गयी
बरियारपुर थाने के एसओ गौरकोठी पूर्व
से बर्खास्त एक शिक्षक के मामले की जां
बीएसए कार्यालय पहुंचे। बीएसए तहसील
इस पर विवेचक ने कार्यालय के बाबू प्री
बर्खास्त शिक्षक कागजातों के बावत जा

हिन्दुस्तान दि. 18/7/21

# वाहनों के शीशा तोड़ने और आगजनी के मामले में केस

**देवरिया।** कुछ लोगों ने चार दिन पूर्व एक व्यक्ति के तीन लग्जरी वाहनों का शीशा तोड़ दिया था। यही नहीं इसके बाद बुधवार की रात उन्होंने आगजनी का भी प्रयास किया था। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

शहर के भटवलिया मोहल्ला के रहने वाले सुभाष चन्द्र जायसवाल ने सदर कोतवाली पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया था कि 11 जुलाई की रात में उनके दरवाजे पर उनकी दो फार्चूनर और एक ब्रेजा गाड़ी खड़ी थी। रात में किसी व्यक्ति ने दरवाजे पर खड़ी तीनों गाड़ियों का शीशा तोड़ दिया। सुबह उठने पर गाड़ी का शीशा टूटा था। 14 जुलाई की रात में कुछ लोगों ने उनके दरवाजे पर रखे काठ के चौखट में आग लगा दिया। जिससे वह धू धू कर जलने लगा। परिवार के लोग रात में धूआ होने पर जगे और आग को बुझाया। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित से घटना के बारे में जानकारी ली। पुलिस ने घर में लगे हुए सीसी टीवी कैमरा को भी खंगाला। पीड़ित की तहरीर पर सदर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 427, 436ए आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

हिन्दुस्तान दि: 18/7/21

# मोहर्रम पर महज पांच लोग पढ़ सकेंगे नमाज

## पीस कमेटी

रुद्रपुर | हिन्दुस्तान संवाद

मोहर्रम और श्रावण मेला को देखते हुए शनिवार की सायं कोतवाली परिसर में पीस कमेटी की मीटिंग की गई। बतौर मुख्य अतिथि एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय ने कहा कि मोहर्रम पर सामुहिक नमाज नहीं होगा, बल्कि महज पांच लोग एक साथ नमाज अदा कर पाएंगे।

उन्होंने कहा कि मोहर्रम और श्रावण मेला पर अभी शासन द्वारा कोई नया गाइड लाइन नहीं आया है। इसलिए पुराने गाइड लाइन के अनुसार ही त्योहारों को मनाना है। कोरोना का प्रभाव कम हुआ है, अभी खत्म नहीं हुआ है। जबकि तीसरी लहर की संभावनाएं बढ़ती जा रही हैं। इसलिए श्रावण मेला में भी भीड़ भाड़ नहीं जुटाना है और बिना मास्क के मन्दिर में प्रवेश नहीं करना है। पूजापाठ में भी कोराना पर शासन द्वारा जारी गाइड लाइन का हर हाल में पालन करना अनिवार्य है। बैठक को सीओ अम्बिका, कोतवाली प्रभारी वृजेश कुमार मिश्र, कस्बा इंचार्ज मनीष सिंह, एसआई सुनील कुमार, एसआई नीरज सिंह, शिवहरि त्रिपाठी, व्यापार मण्डल के अध्यक्ष श्यामजी जायसवाल, गोपाल गुप्ता, आशीष मोदनवाल, रुद्रनाथ मिश्र, जाकिर अली, सुभाष चौरसिया, रिजवान अहमद, इन्द्रजीत, रामविनोद शुक्ल, प्रधान मुलायम यादव, प्रधान सुभाष यादव, सभासद जयरतन चौरसिया, उत्तम पाण्डेय, चन्दन पाण्डेय, मुहम्मद आदि उपस्थित रहे।



कोतवाली परिसर में शनिवार को पीस कमेटी के बैठक में एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय ने सौहार्द के साथ त्योहारों को मनाने की अपील की। • हिन्दुस्तान

## कोरोना प्रोटोकॉल का पालन कर मनाएं त्योहार

सलेमपुर। श्रावण मास और बकरीद त्योहार को कोरोना प्रोटोकॉल के साथ शान्ति पूर्वक मनाने को लेकर शनिवार को कोतवाली परिसर में क्षेत्र के ग्राम प्रधानों और सम्भ्रांत लोगों के साथ ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुन्जन द्विवेदी ने बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोरोना प्रोटोकॉल का पालन करते हुए त्योहार मनाएं। नगर व ग्रामीण क्षेत्र से आए लोगों से अपील किया। बैठक में सीओ कपिलमुनि सिंह, कोतवाल नवीन कुमार मिश्र, डॉ. त्रिपुणायक विश्वकर्मा, एमए खान, एडवोकेट वलीउल्लाह, डॉक्टर समीउल्लाह प्रधान, डॉ. शाहिद सिद्दीकी औरंगाबाद, हाफिज सुहेल असलम आदि ने भी अपने सुझाव रखे। बैठक का संचालन राजेश कुशवाहा राजू भैया ने किया।

दैनिक जागरण 18/7/21

# मानव तस्करी रोकने के लिए उठाएं सख्त कदम

जागरण संवाददाता, देवरिया: अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन अखिल कुमार ने शनिवार को पुलिस अधिकारियों के साथ आनलाइन बैठक की। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी व वेश्यावृत्ति बड़ी समस्या है। इसके रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाए जाने चाहिए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। ऐसे मामले संज्ञान में आते ही त्वरित कार्रवाई करें।

उन्होंने कहा कि जगह-जगह पर आर्केस्ट्रा देखने को मिल रहा है, लेकिन उनका रजिस्ट्रेशन नहीं कराया गया है। हर हाल में आर्केस्ट्रा पार्टी का रजिस्ट्रेशन कराया जाए। यह सुनिश्चित करें कि किसी भी तरह महिलाओं का शोषण न हो। इसके लिए भी प्रभावी कदम उठाएं। बालिकाओं के साथ हो रही घटनाओं पर अंकुश लगाने के साथ ही पाक्सो एक्ट के आरोपितों की हर हाल में गिरफ्तारी करें और जेल भेंजे। नाबालिग बच्चों की गिरफ्तारी केवल गंभीर प्रकरण में ही करें। न्यायालय में उन्हें पेश करने के दौरान पुलिसकर्मी सादे वर्दी में रहें। उन्होंने कहा कि गुमशुदा बच्चों की बरामदगी के लिए अभियान चलाने की जरूरत है। देवरिया से सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी

दैनिक जागरण 18/7/21

# बलिया से सीसी फुटेज लेकर लौटी पुलिस बदमाशों की तलाश

जागरण संवाददाता, खुखुंदू: थाना क्षेत्र के मझवलिया के समीप चालक को बंधक बनाकर लूटी गई कार के मामले में पांच दिन का समय गुजर जाने के बाद भी पुलिस खाली हाथ है। पुलिस बलिया के एक होटल से सीसी फुटेज लाकर बदमाशों तक पहुंचने में जुटी हुई है। पुलिस जल्द ही इस पूरे घटना का पर्दाफाश कर देने का दावा कर रही है।

लखनऊ के काकोरी थाना क्षेत्र के रहने वाले पप्पू अली कार चालक है। 11 जुलाई को तीन युवक देवरिया होते बलिया तक जाने के लिए कार बुक कराए। बलिया में एक होटल में ठहर गए। 12 जुलाई को लखनऊ लौटते समय खुखुंदू के मझवलिया के समीप एक रिश्तेदार से मिलने की बात कहते हुए बंधक बना गाड़ी लूट कर फरार हो गए। शुक्रवार की रात खुखुंदू थाने का एक सिपाही बलिया स्थित होटल में पहुंचा। जहां बदमाश व चालक रुके थे। सीसी फुटेज को अपने कब्जे में लेकर सिपाही लौट आया है। थानाध्यक्ष अनिल यादव का कहना है कि फुटेज के जरिए बदमाशों को पहचानने का प्रयास किया जा रहा है। जल्द ही बदमाश गिरफ्तार कर लिए

दैनिक जागरण दि. 18/7/21

# शिकायतें न निपटाने पर होगी कार्रवाई

## डीएम व पुलिस अधीक्षक ने सलेमपुर तहसील में फरियादियों की सुनी फरियाद

जागरण संवाददाता, देवरिया: जिले के सभी तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। डीएम आशुतोष निरंजन व एसपी डा.श्रीपति मिश्र ने सलेमपुर तहसील में फरियाद सुनी। डीएम ने कहा कि शिकायतों का समय से निस्तारण करें। गुणवत्ता का ध्यान रखें। सही निस्तारण न होने पर कार्रवाई होगी।

सलेमपुर संवाददाता के अनुसार, कुल 64 शिकायतें आईं। जिसमें मौके पर राजस्व विभाग से संबंधित पांच शिकायतों का निस्तारण किया गया। राजस्व के 42, पुलिस के 17, विकास, नगर पंचायत व पूर्ति विभाग के दो-दो व विद्युत विभाग का एक मामला आया। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गुंजन द्विवेदी, तहसीलदार रामाश्रय, सीओ कपिलमुनि सिंह, नगर पंचायत लार के ईओ राजनाथ त्रिपाठी आदि उपस्थित रहे।देवरिया



सलेमपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में फरियाद सुनते डीएम आशुतोष निरंजन, मध्य में दाएं एसपी डा. श्री पति मिश्र , बाएं एसडीएम गुंजन द्विवेदी • जागरण

सदर तहसील में सीआरओ अमृत लाल बिंद ने शिकायतों को सुना। कुल सात मामले आए। इस मौके पर एसडीएम सौरभ सिंह, तहसीलदार आनंद कुमार नायक मौजूद रहे। भाटपाररानी संवाददाता के अनुसार, तहसील सभागार में एसडीएम ध्रुव शुक्ला ने फरियाद सुनी। इस दौरान कुल दस मामले आए, जिसमें राजस्व के एक मामले का निस्तारण हुआ। राजस्व व पुलिस के 3-3, विकास दो व अन्य दो मामले शामिल रहे। इस दौरान तहसीलदार अश्वनी कुमार, नायब तहसीलदार करन सिंह, सुलह अधिकारी चंद्रचूड़ तिवारी, बीडीओ डा. संतोष कुमार आदि मौजूद रहे।

बरहज संवाददाता के अनुसार, बरहज तहसील में एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज ने फरियाद सुनी।

### निर्देश

- सभी तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का किया गया आयोजन
- बरहज में 21 और रुद्रपुर में सिर्फ नौ मामले आए

तहसील दिवस पर कुल 21 मामले आए। राजस्व के आठ, पुलिस पांच, विकास दो समेत अन्य छह मामले शामिल रहे। राजस्व के दो मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया। इस दौरान एसडीएम संजीव यादव, तहसीलदार सतीश कुमार, नायब तहसीलदार जितेंद्र कुमार सिंह, सीओ देव आनंद मौजूद रहे। रुद्रपुर संवाददाता के अनुसार, तहसील सभागार में एसडीएम संजीव उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में केवल नौ मामले आए। राजस्व के सात व अन्य दो मामले आए।

दैनिक जागरण दि० 18/7/21

# 5.81 लाख रुपये की अनियमितता में ठीकेदार पर दर्ज होगा मुकदमा

जासं, रुद्रपुर: नगर पंचायत के विकास कार्यों में 5.81 लाख रुपये अनियमितता का मामला प्रकाश में आया है। डीएम ने अनियमितता के लिए प्रथम दृष्टया ईओ उपेंद्रनाथ सिंह, अध्यक्ष लालमती देवी व अवर अभियंता रमेश चंद्र को दोषी पाते हुए उनके खिलाफ कार्रवाई के लिए नगर विकास अनुभाग के अपर मुख्य सचिव उप्र शासन को संस्तुति रिपोर्ट भेज दी है।

साथ ही ठीकेदार को काली सूची में डालते हुए ईओ को मुकदमा दर्ज कराने व एक सप्ताह में धन की वसूली का निर्देश दिया है। इस कार्रवाई से खलबली मच गई है।पथरदेवा के बघड़ा महुआनी के रहने वाले रवीश दीक्षित ने रुद्रपुर नगर पंचायत में हुए दो विकास कार्यों में हुए अनियमितता की शिकायत 20 जनवरी को की थी। उन्होंने वित्तीय वर्ष 2019-20 में नगर पंचायत में 14वां वित्त से स्वीकृत बस स्टेशन परिसर में दस शीटर सामुदायिक शौचालय के निर्माण में स्वीकृत धनराशि से अधिक भुगतान करने व नगर पंचायत के मस्जिद वार्ड में एक व्यक्ति के व्यक्तिगत गेट के अंदर सीसी रोड बनाकर सरकारी धन का दुरुपयोग की शिकायत डीएम से की। डीएम ने एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज, वरिष्ठ कोषाधिकारी को जांच का निर्देश दिया। एडीएम प्रशासन की जांच में दस शीटर शौचालय निर्माण में 2.85 लाख 919 रुपये अधिक भुगतान होना पाया गया। व्यक्तिगत गेट के अंदर सीसी रोड बनवाने के मामले में अध्यक्ष लालमती देवी व ईओ दोषी पाए गए। प्रेम मिश्र ने तीन बिंदुओं पर शिकायत की। जिसकी जांच एडीएम प्रशासन ने की। जांच में अधिशासी अधिकारी, अवर अभियंता व ठेकेदार विजय बहादुर सिंह ने दुरंभि संधि करके 2.95 लाख 199 रुपये अधिक भुगतान कराने की पुष्टि हुई। कुल 5.81 लाख 118 रुपये अनियमितता पर डीएम ने कार्रवाई का निर्देश दिया।

**एसडीएम ने संभाला ईओ का चार्ज** : नगर पंचायत के ईओ उपेंद्रनाथ सिंह का स्थानांतरण होने के बाद डीएम आशुतोष निरंजन ने एसडीएम संजीव उपाध्याय को ईओ का चार्ज लेने का निर्देश दिया है।

## लंबित विवेचनाएं निपटाएं सीओ

जासं, देवरिया : पुलिस अधीक्षक डा .श्रीपति मिश्र ने शनिवार की रात जनपद के सभी सीओ के साथ अपने आवास पर बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि एक वर्ष से अधिक समय से जो भी मुकदमे लंबित चल रहे हैं, उन मुकदमों का हर हाल में एक सप्ताह के अंदर निस्तारण करा दें। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके अलावा अन्य मुकदमों की भी विवेचनाएं पूरी कराई जाएं। उन्होंने कहा कि महिला अपराध से जुड़े मामलों को प्राथमिकता के आधार पर देखें।

अमर उजाला दि. 18/7/21

# कांवड़ यात्रा न निकालने बकरीद की नमाज घर में पढ़ने की अपील

संवाद न्यूज एजेंसी

## एसडीएम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई

रुद्रपुर। एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें कोरोना महामारी की तीसरी लहर को देखते हुए आने वाले त्योहारों को कोविड नियमों के दायरे में मनाने का निर्णय लिया गया। इस दौरान कांवड़ यात्रा न निकालने और बकरीद की नमाज घरों में पढ़ने की अपील की गई।

एसडीएम ने कहा कि सभी धर्मों का सम्मान होना चाहिए, पर जीवन बचाने के लिए आस्था को सीमित दायरे में करना जरूरी है। देश पर कोरोना की तीसरी लहर का खतरा मंडरा रहा है। ऐसे में आने वाले दिनों में हमे सावधानी बरतनी जरूरी है। ऐसे में श्रावण मास में मंदिरों के बजाय घरों में प्रभु की अराधना करें। बकरीद पर घर में नमाज पढ़ने की अपील की। दुग्धेश्वरनाथ मंदिर के महंत रमाशंकर भारती शिवभक्तों से अपने गांव के मंदिर व घरों में पूजा अर्चना करने की अपील भी की। इस अवसर पर अंजुमन इस्लामिया कमेटी के मजीद अली, इसरायल अली, रमजान, रिजवान अहमद, ई. सुशील चंद, शिवहरि तिवारी, कोतवाल ब्रजेश कुमार मिश्र, सुबाष यादव आदि मौजूद रहे।

**शांतिपूर्वक मनाएं पर्व :** खुखुंदू। थाना परिसर में शनिवार को सावन और बकरीद को शांतिपूर्वक मनाएं जाने के लिए पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें घरों में ही रहकर नमाज अदा करने के लिए कहा गया। एसओ अनिल कुमार यादव ने कहा कि कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए अपने घरों में ही रहकर नमाज अदा करें। सार्वजनिक स्थानों पर कुर्बानी नहीं होगी। सावन माह की शुरूआत होने पर भी सामाजिक दूरी के नियमों का पालन करते हुए घरों में ही रहकर पूजा करें। संवाद

अमर उजाला दि० 18/7/21

# 'शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करें'

## सलेमपुर में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में डीएम ने अफसरों को दिए निर्देश

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। जिले की पांचों तहसीलों में शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। यहां कुल 111 शिकायतें आईं और सिर्फ आठ का मौके पर निस्तारण हुआ।

सलेमपुर तहसील में डीएम आशुतोष निरंजन और पुलिस अधीक्षक डॉ. श्रीपति मिश्र की मौजूदगी में शिकायतें सुनी गईं। डीएम ने कहा कि सभी शिकायतों का निस्तारण तय समय में गुणवत्तापूर्ण तरीके से किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही कदापि न बरतें।

डीएम ने राजस्व, विकास एवं पुलिस विभाग से जुड़े सभी अधिकारी जिन प्रकरणों में संयुक्त रुप से निराकरण की आवश्यकता हो, उसमें आपसी समन्वय रखते हुए उन मामलों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित कराएं। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से जुड़े मामलों की शिकायत सुनी व विभाग के अधिकारियों एवं थानाध्यक्षों को प्राप्त शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। इस दौरान कुल 64 मामले आए। जिसमें पांच का निस्तारण मौके पर हुआ। इस दौरान ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/एसडीएम गुंजन द्विवेदी, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आलोक पाण्डेय, तहसीलदार रामाश्रय, क्षेत्राधिकारी अंबिका राम, परियोजना निदेशक संजय पांडेय, जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रभात कुमार सहित अन्य विभागो के अधिकारी, कर्मचारी, खंड विकास अधिकारी, थानाध्यक्ष गण आदि मौजूद रहे।



सलेमपुर तहसील में लोगों की शिकायतें सुनते डीएम-एसपी। संवाद

भाटपाररानी प्रतिनिधि के अनुसार, तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस मेंकुल 10 शिकायतें आईं। इसमें से एक का उप जिलाधिकारी ध्रुव कुमार शुक्ला ने मौके पर निस्तारण किया। इस दौरान तहसीलदार अश्विनी कुमार, सीओ पंचम लाल सहित तहसील के समस्त अधिकारी मौजूद रहे।

बरहज प्रतिनिधि के अनुसार, संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम प्रशासन कुंवर पंकज सिंह ने फरियाद सुनी। यहां कुल 21 मामले आए। इसमें से दो का निस्तारण हुआ। इस दौरान एसडीएम संजीव कुमार यादव, सीओ देवआनंद, तहसीलदार सतीश कुमार, नायब तहसीलदार जितेंद्र सिंह, आपूर्ति निरीक्षक युगल किशोर, इंस्पेक्टर टीजे सिंह, शैलेंद्र कुमार आदि मौजूद रहे।

रुद्रपुर प्रतिनिधि के अनुसार, एसडीएम संजीव कुमार उपाध्याय की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस पर कुल नौ शिकायतें आईं। मौके पर एक भी शिकायतों का निपटारा नहीं हो पाया। इस अवसर पर तहसीलदार वंशराज राम, नायब तहसीलदार हिमांशु सिंह, पूर्ति निरीक्षक अनूप शाही, बीईओ जया राय, डॉ. प्रभात राय आदि मौजूद रहे।

सदर तहसील परिसर में सीआरओ अमृत लाल बिंद की अध्यक्षता में शिकायतें सुनीं गईं। सात शिकायतों में एक का भी मौके पर निस्तारण नहीं हो सका। इस दौरान एसडीएम सदर सौरभ सिंह, तहसीलदार आनंद कुमार नायक के अलावा राजस्व, पुलिस सहित अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## भटनी थाने का मामला, कोतवाली सलेमपुर को दे दिया आदेश

सलेमपुर। संपूर्ण समाधान दिवस में भटनी नगर पंचायत के केश्वर लाल पटवा की पत्नी फुलपति देवी ने टाइप किया प्रार्थनापत्र में बिना हस्ताक्षर के प्रस्तुत किया।

उन्होंने पड़ोसी पर आरोप लगाया है कि उसका मकान बनवाने नहीं दे रहे हैं। प्रार्थना पत्र पर एसएचओ सलेमपुर को कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। जबकि यह मामला भटनी थाने का है। वहीं नगर के हरैया वार्ड के पूर्व सभासद संजय गुप्ता नें शिकायत की कि उनका मकान औरंगाबाद में सलेमपुर नवलपुर मुख्य मार्ग पर है। मकान के आगे एक व्यक्ति ने कब्जा कर लिया है। संवाद



KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2021

# गैंगरेप में एक नामजद व तीन अज्ञात पर केस दर्ज

## फॉलोअप

## कार्रवाई

- रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार रात हुई थी वारदात
- केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने नामजद आरोपी गिरफ्तार किया

लक्ष्मीगंज | **हिन्दुस्तान संवाद**

रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव में किशोरी के साथ हुए गैंग रेप की घटना में पुलिस ने पीड़िता के पिता की तहरीर पर एक नामजद और तीन अज्ञात के विरुद्ध केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर फरार तीन अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है।

थाना क्षेत्र के एक गांव में शुक्रवार की देर रात किशोरी के साथ चार लोगों ने मुंह में कपड़ा ठूस कर गैंग रेप किया। पीड़िता ने इसकी जानकारी अपने पिता को दी। पीड़िता के पिता ने रात में ही घटना की सूचना डॉयल 112 पुलिस और सीओ खड्डा को दी। मौके पर पहुंची डॉयल 112 पुलिस ने घटना की जानकारी रामकोला थानाध्यक्ष दुर्गेश कुमार सिंह को दी। इस पर थानाध्यक्ष रामकोला मयफोर्स के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। कुछ देर बाद एएसपी अयोध्या प्रसाद सिंह एवं सीओ खड्डा भी घटनास्थल पर पहुंच गये और घटना की जानकारी ली।

पीड़िता के पिता की तहरीर पर रामकोला पुलिस ने एक नामजद और तीन अज्ञात के विरुद्ध दुष्कर्म, पाक्सो एक्ट एवं जान से मारने की धमकी देने की धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस ने घटना में नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जबकि फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है।

# दुष्कर्म के आरोपी को कोर्ट भेजा गया

**अहिरौली बाजार।** अहिरौली बाजार थाना अंतर्गत एक गांव निवासी दुष्कर्म के आरोपी बाल अपचारी को पुलिस ने शनिवार को अपनी अभिरक्षा में लेकर किशोर न्यायालय भेज दिया।

शुक्रवार को थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्यारह वर्षीय बालक पर गांव की ही पांच वर्षीय अबोध बालिका के साथ दुष्कर्म किये जाने का आरोप लगाया गया। घटना की जानकारी होने पर एसओ अहिरौली बाजार संजय कुमार सिंह मय फोर्स घटनास्थल पर पहुंचे और बाल अपचारी को अभिरक्षा में लेकर थाने लाए। पीड़िता के परिजनों द्वारा दिए गए तहरीर के आधार पर उसके विरुद्ध दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया। शनिवार को पुलिस अभिरक्षा में किशोर न्यायालय भेजा गया। इस संबंध में एसओ संजय कुमार सिंह ने कहा कि बाल अपचारी द्वारा की गई घटना की जानकारी होते ही तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा और पीड़िता के परिजनों की तहरीर के आधार पर कार्रवाई की गई।

# तस्करों पर नजर रखने को पहरेदारी

फाजिलनगर | **हिन्दुस्तान संवाद**

राष्ट्रीय राजमार्ग से हो रही पशु तस्करी पर लगाम कसने के लिए पटहेरवा पुलिस तस्करों पर पैनी नजर रखने के लिये 24 घंटे पहरेदारी करेगी। इसके लिए फाजिलनगर कस्बे के पूर्वी छोर पर बने फुट ओवरब्रिज पर तीन शिफ्ट में पुलिस कर्मी तैनात रहेंगे।

पशुओं को फोरलेन के रास्ते तस्कर बिहार और पश्चिम बंगाल ले जाते हैं। पुलिस पशु तस्करों पर नजर रखने के लिए गस्त व मुखबिरों पर अंकुश लगाने का प्रयास करती है। तस्करी पर लगाम कसने के लिये पटहेरवा एसओ सुनील कुमार सिंह ने पशु तस्करों पर नजर रखने के लिए फोरलेन पर फाजिलनगर कस्बे में ओवरब्रिज के पूर्वी छोर पर स्टेट बैंक के सामने फुट ओवरब्रिज पर पुलिस कर्मियों की पहरेदारी बैठा दी है। दो-दो कांस्टेबल तीन शिफ्ट में फुट ओवरब्रिज पर चौबीस घंटे पहरा दे रहे हैं। फाजिलनगर में फुट ओवरब्रिज के उपर खड़े पुलिसकर्मी नीचे जा रहे सभी मॉलवाहक वाहनों पर पैनी नजर रख सकेंगे। पुलिसकर्मियों को फुट ओवरब्रिज से पता चल सकेगा कि नीचे जा रहे वाहन के अंदर क्या है तथा इसकी सूचना सही समय से थाने को देने से पुलिस द्वारा आगे गाड़ाबंदी कर तस्करों को पकड़ जा सकेगा।

## सख्ती

- फाजिलनगर में फुट ओवरब्रिज पर तैनात रहेगी पुलिस
- तीन शिफ्टों में पुलिसकर्मी करेंगे पहरेदारी

"तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस हर संभव प्रयास कर रही है। किसी भी दशा में हाईवे के रास्ते तस्करी नहीं होने दिया जाएगा।

–**सुनील कुमार सिंह**, एसओ,पटहेरवा

# सुधार गृह भेजा गया बाल अपचारी

**जासं.अहिरौली बाजार:** क्षेत्र के एक गांव में छह बर्षीय बच्ची संग हुई दुष्कर्म की घटना में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित किशोर को हिरासत में ले लिया। शनिवार को उसे न्यायालय ले जाया गया जहां से उसे सुधार गृह गोरखपुर भेज दिया गया।

बच्ची घटना के समय शाम को दरवाजे पर खेल रही थी। इस बीच आया गांव का ही 11 वर्षीय बालक उसे निर्जन स्थन पर ले गया और दुष्कर्म किया। बच्ची की चीख सुनकर स्वजन मौके पर पहुंचे। 112 नंबर पर सूचना दी। पुलिस ने मौके पर घटना की जानकारी ली और पीड़िता को जांच के लिए अस्पताल भेजा। रात में ही पुलिस ने आरोपित को हिरासत में ले लिया। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि आरोपित को न्यायालय के आदेश

# व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस सजग

जागरण संवाददाता, पडरौना: व्यापारियों की सुरक्षा को लेकर पुलिस सजग है। नगर के प्रमुख बाजार व चौराहों पर पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है। समय-समय पर व्यापारी वर्ग द्वारा दिए गए सुझाव पर जरूरी कदम उठाए जाते हैं। सुरक्षा को लेकर आप सभी भी सजगता बरतें ताकि अपराध की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। यह बातें कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार सिंह ने कहीं।

वे कोतवाली परिसर में आयोजित व्यापारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपराध पर प्रभावी रोकथाम के लिए पुलिस, समाज के अच्छे लोगों की मदद लेगी। पुलिस के नियमित गश्त का सकारात्मक असर होगा और अपराधी भयभीत होंगे।

## व्यापारियों से सहयोग की अपील

**जासं, तमकुहीराज:** तमकुहीराज पुलिस चौकी परिसर में आयोजित बैठक में तरयासुजान थाना प्रभारी कपिलदेव चौधरी ने व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया व सहयोग की अपील की। बैठक में अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह सहित अन्य

# दुष्कर्म के मामले में मुकदमा दर्ज आरोपित गिरफ्तार

**जासं. लक्ष्मीगंज:** रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव में युवती के साथ हुए दुष्कर्म के मामले में पीड़िता के पिता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के विरुद्ध दुष्कर्म का मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। वहीं तीन अन्य के विरुद्ध पुलिस ने धमकी देने का मुकदमा दर्ज किया है। गिरफ्तार आरोपित को पुलिस कोर्ट ले गई, वहां से उसे जेल भेज दिया गया। घटना के बाद सामूहिक दुष्कर्म की बात सामने आई थी।

युवती शुक्रवार रात को शौच के लिए गई थी। गांव का ही एक युवक उसे पकड़ सुनसान जगह ले गया और दुष्कर्म किया। युवती के विरोध करने पर साथ रहे तीन अन्य युवकों ने युवती को धमकी दी। पीड़िता के पिता ने पुलिस को सूचना दी। एसएचओ डीके सिंह व एएसपी एपी सिंह ने गांव पहुंच मामले की जानकारी ली। देर रात युवती के पिता ने तहरीर दी। एएसपी ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर आरोपित मनीष शर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया है। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# पॉक्सो एक्ट के आरोपित को न्यायालय ने भेजा जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

**अहिरौली बाजार।** थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पॉक्सो एक्ट के आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को किशोर न्यायालय में प्रस्तुत किया। न्यायालय ने आरोपित को जेल भेज दिया।

जानकारी के मुताबिक, क्षेत्र के एक गांव निवासी साढ़े ग्यारह वर्ष के एक किशोर ने गांव की ही साढ़े पांच वर्षीय बालिका के साथ दुष्कर्म किया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। एसओ संजय कुमार सिंह ने बताया कि दर्ज मुकदमे के आधार पर आरोपित को गिरफ्तार कर किशोर न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेज दिया है।

# चार के खिलाफ दुष्कर्म का केस

## रामकोला इलाके में किशोरी से सामूहिक दुष्कर्म का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**रामकोला।** थाना क्षेत्र की 16 वर्षीय एक किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने एक नामजद सहित चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। मुकदमा दुष्कर्म और मारपीट की धारा में दर्ज हुआ है। एएसपी ने शनिवार को पीड़िता के घर पहुंचकर घटना के बारे में जानकारी ली। इसके बाद किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भिजवाया।

अमर उजाला फॉलोअप

### एएसपी पहुंचे पीड़िता के घर घटना की जानकारी ली

### किशोरी को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया

रामकोला थाना क्षेत्र के एक गांव की 16 वर्षीय किशोरी को शुक्रवार की रात अगवाकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाते हुए उसके पिता ने रामकोला थाने की पुलिस को सूचना दी। एसओ डीके सिंह पुलिसकर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और छानबीन शुरू कर दी। उन्होंने इसकी सूचना उच्चाधिकारियों को दी। इसके बाद एएसपी अयोध्या प्रसाद सिंह भी मौके पर पहुंचे और जांच की। किशोरी के पिता की तहरीर पर एक नामजद वह तीन अज्ञात के खिलाफ दुष्कर्म व मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस इस मामले में दो व्यक्तियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

इस संबंध में एसओ डीके सिंह ने बताया कि पीड़ित किशोरी को चिकित्सकीय परीक्षण के लिए महिला पुलिसकर्मियों के साथ जिला अस्पताल भेज दिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। मेडिकल परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज हत्या में वांछित दंपती गिरफ्तार

**तुर्कपट्टी।** तुर्कपट्टी पुलिस ने दहेज हत्या के मामले में वांछित दंपती को गिरफ्तार कर लिया। उनके खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। तुर्कपट्टी थाने के एसओ आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि थाना क्षेत्र के राजापाकड गांव के मुसहर टोली निवासी विनोद रावत और उसकी पत्नी डांगी के खिलाफ दहेज हत्या के आरोप में केस दर्ज था। उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही थी। सूचना के आधार पर पुलिस दोनों को गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई में जुटी है। संवाद

# पिकअप से दो गोवंशीय पशु बरामद

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**पडरौना।** तरयासुजान थाने की पुलिस ने शनिवार को एक पिकअप से दो गोवंशीय पशुओं को मुक्त कराया। एक पशु तस्कर भी गिरफ्तार किया गया है।

उसका नाम अब्दुल रहीम है, जो तरयासुजान थाना क्षेत्र के सरया खुर्द गांव के गद्दी टोला का निवासी है। उसके खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम और गोवध निवारण अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# 'कोविड गाइडलाइन के अनुसार मनाएं त्योहार'

संवाद न्यूज एजेंसी

## थानों में बैठक कर पुलिस ने सहयोग मांगा




विशुनपुरा थाने में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक करते एसओ संजय कुमार। संवाद

**दुदही।** विशुनपुरा थाना परिसर में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें बकरीद के त्योहार और सावन माह के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की चर्चा की गई।

विशुनपुरा एसओ संजय कुमार ने कहा कि त्योहारों के दौरान लोगों को कोविड गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करना चाहिए। कोई खुले में बकरे की कुर्बानी न दे। माहौल खराब करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। यदि कहीं सार्वजनिक रुप से कुर्बानी की प्रथा है, तो उससे पुलिस से जरूर अवगत कराएं।

इस दौरान रामेश्वर सिंह, नियाज अंसारी, भोला कुमार, एसएसआई शनवाज, एसआई रामचंद्र सरोज, कांस्टेबल उमेश यादव, अमजद खान, पंकज रौनियार, ओमप्रकाश भारती, जैकार रौनियार, रमेश आदि मौजूद रहे।

## अपराध पर नियंत्रण पुलिस की प्राथमिकता : कोतवाल

**पडरौना।** पडरौना कोतवाली में शुक्रवार की शाम को पुलिस के साथ शहर के व्यापारियों और गणमान्य लोगों की बैठक हुई। बैठक में कोतवाल अनुज कुमार सिंह ने कहा कि अपराध पर नियंत्रण पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने आगामी त्योहारों को देखते हुए व्यापारियों और गणमान्य लोगों से आपसी सौहार्द बढ़ाने में सहयोग करने की अपील की। इस दौरान व्यापारी प्रदीप चहाड़िया, दीप नारायण अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे। संवाद

# अपराध पर नियंत्रण पुलिस की प्राथमिकता : कोतवाल

पडरौना। पडरौना कोतवाली में शुक्रवार की शाम को पुलिस के साथ शहर के व्यापारियों और गणमान्य लोगों की बैठक हुई। बैठक में कोतवाल अनुज कुमार सिंह ने कहा कि अपराध पर नियंत्रण पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने आगामी त्योहारों को देखते हुए व्यापारियों और गणमान्य लोगों से आपसी सौहार्द बढ़ाने में सहयोग करने की अपील की। इस दौरान व्यापारी प्रदीप चहाड़िया, दीप नारायण अग्रवाल सहित अन्य लोग मौजूद थे। संवाद

# अपराध पर नियंत्रण के लिए सजग रहें

**गुरवलिया बाजार।** तुर्कपट्टी थाने में शुक्रवार को पुलिसकर्मियों के साथ एसओ ने बैठक की। इसमें क्षेत्र में अपराध पर नियंत्रण समेत कई बिंदुओं पर चर्चा की गई। एसओ आनंद गुप्ता ने कहा कि बीट के कांस्टेबल के पास एक बीट बुक होती है। इसमें सिपाही ऐसे तत्वों और स्थानों की जानकारी दर्ज करता है, जो पुलिस के लिहाज से संवेदनशील होते हैं। घोषित व उभरते अपराधी, झपटमार व सट्टेबाज आदि की जानकारी बीट बुक में दर्ज होने से क्षेत्र में अपराधी सक्रिय नहीं हो पाते। इसके अलावा क्षेत्र के अपराधियों के बारे में जानने व समझने में सहूलियत होती है। इसके बाद उन्होंने बीटवार सक्रिय व वांछित अपराधियों पर नियंत्रण के लिए रणनीति बनाई। इस दौरान अभय मिश्र, दिनेश चंद यादव, विनोद यादव, प्रदीप यादव, अमन गुप्ता, अविनाश यादव, सदानंद यादव, कुश कुमार, शालू सिंह, अंजलि सिंह, साधना गिरि, सृष्टि गुप्ता, पूनम गोंड आदि मौजूद रहीं। संवाद

# MAHARAJ GANJ POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2021

# पकड़ी गई 15 बोरी विदेशी मटर

**जासं,टूटीबारी :** एसएसबी बीओपी टूटीबारी के जवानों ने शनिवार को राजाबारी से 15 बोरी विदेशी मटर बरामद कर अग्रिम कार्रवाई के लिए सीमा शुल्क कार्यालय टूटीबारी को सुपुर्द कर दिया। एसएसबी के राकेश कुमार ने बताया कि जवानों को गश्त के दौरान सीमा सफलता मिली।

# बच्चे को पेड़ से बांध कर पीटने वालों का शांतिभंग में चालान

**जासं, नौतनवा:** स्थानीय मंडी परिसर में नौ वर्षीय बच्चे को पेड़ में बांधकर पीटने के मामले में पुलिस आरोपितों को बचाने में जुट गई है। इस मामले में पीड़ित के पिता द्वारा नामजद तहरीर देने के बाद भी छह अज्ञात के खिलाफ बलवा, गाली-गलौज, मारपीट व गलत तरीके से प्रतिबंधित करने का मुकदमा दर्ज किया गया है। देर रात पीड़ित बच्चे के पिता से तहरीर बदलवा कर नामजद आरोपितों के स्थान पर अज्ञात लिखवाया गया। यहां तक कि मौके पर बच्चे ने जिन आरोपितों की पहचान की, उनके खिलाफ भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

वहीं दूसरी तरह इसी मामले में शुक्रवार की शाम हिरासत में लिए गए सुनील कुमार निवासी बिस्मिल नगर, राजाराम व शंकर निवासी हमीदनगर थाना नौतनवा को 151 के तहत चालान किया गया। इंटरनेट मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद सीओ कोमल प्रसाद मिश्र व इंस्पेक्टर राजेश पांडेय मंडी समिति में जांच पड़ताल में पहुंचे थे । जहां बच्चे के पिता ने प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था। पिता ने पांच लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी, लेकिन

## लापरवाही

- मुकदमा लिखने में हुआ खेल, देर रात बदलवाई गई तहरीर
- बच्चे द्वारा आरोपितों की पहचान करने के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

मुकदमा दर्ज कर आरोपितों को बचाने में जुट गई। एसओ नौतनवा राजेश पांडेय ने बताया कि पीड़ित लड़के के पिता ने तहरीर बदली है। उसी के आधार पर मुकदमा दर्ज किया गया है। तहरीर किसी दबाव में बदली गई या उसने स्वयं बदली इसकी जांच की जाएगी। एसपी प्रदीप गुप्ता ने कहा कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाएगी। यदि दबाव देकर तहरीर बदलवाई गई है, तो आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

**वीडियो वायरल होने के बाद तूल पकड़ा मामला:** गुरुवार सुबह चोरी के आरोप में एक बच्चे को नौतनवा मंडी कर्मियों ने पकड़ लिया और पुलिस को सूचना दिए बगैर पेड़ से बांध दिया । जिसका वीडियो किसी ने बनाकर इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। जिसमें बच्चे को गाली- गलौज करते देखा गया। नजदीक

# महिला उत्पीड़न के मामले त्वरित निस्तारित करें : एसपी

**जागरण संवाददाता, महराजगंज :** पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में अपराध नियंत्रण और कानून व्यवस्था को लेकर समीक्षा बैठक की गई।

पुलिस अधीक्षक ने कहा कि पाक्सो एक्ट एवं महिला उत्पीड़न के सम्बन्धित मामलों का त्वरित निस्तारण करें। थानों पर लम्बित विवेचनाओं का निस्तारण किया जाए। वांछित, इनाम घोषित अपराधियों की गिरफ्तारी की जाए।

अज्ञात अभियोग को वर्क आउट करें। गौ तस्करी पर अंकुश लगाएं। हत्या, दुष्कर्म, लूट, डकैती, चोरी के अपराधों पर पूर्णतया अंकुश लगाएं। टाप 10 में चिन्हित अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई किया जाए तथा टाप 10 अपराधियों की सूची को निरन्तर अपडेट करते हुए नए अपराधियों को सूची में शामिल किया जाए। गुमशुदा बच्चों की सूची बनाकर बरामदगी की कार्रवाई करें। बैठक में क्षेत्राधिकारी, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, प्रतिसार निरीक्षक,निरीक्षक प्रज्ञान शाखा, निरीक्षक रेडियो शाखा, आशुलिपिक पुलिस अधीक्षक, प्रधान लिपिक, प्रभारी मीडिया सेल, प्रभारी एएचटीयू, प्रभारी आंकिक शाखा, प्रभारी डीसीआरबी शाखा, प्रभारी विशेष जांच प्रकोष्ठ, प्रभारी विशेष शिकायत प्रकोष्ठ, प्रभारी यूपी 112, प्रभारी यातायात आदि मौजूद रहे।

ंज जागरण www.jagran.com

# अपहरण की सूचना पर तत्पर हुई पुलिस, मामा के साथ मिले बच्चे

**जागरण संवाददाता, कोल्हुई :** पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के चंदनपुर गांव की एक महिला पति से नाराज होकर मायके चली गई थी। इसके बाद उसने अपने भाई से तीनों बच्चों को लाने के लिए कहा। उसका भाई चंदनपुर पहुंचकर तीनों बच्चों को लेकर आने लगा। इसी बीच महिला के पति पंकज पासवान ने डायल 112 पर बच्चों के अपहरण की सूचना दी। सूचना पर तत्पर हुई पुलिस ने तीनों बच्चों को उसके मामा के साथ भैया फरेंदा के पास बरामद कर लिया। क्षेत्राधिकारी सुनील दत्त दुबे ने बताया कि तीनों बच्चों को उसकी मां मनोरमा देवी को सुपुर्द कर दिया गया है। बच्चे अपने मामा के साथ ननिहाल जा रहे थे। अपहरण की सूचना गलत साबित हुई। पुलिस ने विधिवत छानबीन की।

# लंबित विवेचनाओं का करें निस्तारण : एसपी



पुलिस लाइंस सभागार में क्राइम मीटिंग में थानेदारों को निर्देशित करते एसपी प्रदीप गुप्ता। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** पुलिस लाइंस सभागार में एसपी प्रदीप गुप्ता ने क्राइम मीटिंग के दौरान पुलिस की समस्याओं को सुनने के साथ निस्तारित करने का प्रयास किया। थानेदारों को कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। एसपी ने पॉक्सो एक्ट एवं महिला उत्पीड़न के संबंधित मामलों की समीक्षा कर जरूरी दिशानिर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लंबित विवेचनाओं के निस्तारण, वांछित और वारंटियों को गिरफ्तारी में तेजी लाएं। अज्ञात अभियोगों को वर्कआउट करने के भी निर्देश दिए।

गो तस्करी-गोकसी के अपराधों पर जीरो टालरेंस रखते हुए प्रभावी

## मीटिंग में कानून व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त रखने के निर्देश

अवैध शराब बिक्री, मादक पदार्थों की बिक्री के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जाए। टॉप 10 में चिह्नित अपराधियों के खिलाफ प्रभावी निरोधात्मक कार्रवाई में तेजी करें। आईजीआरएस के लंबित संदर्भों की समीक्षा, विवेचनाओं के निस्तारण, पुराने मामलों के निस्तारण, जनता के शिकायती प्रार्थनापत्रों का निस्तारण समयबद्ध करें। आपराधिक घटना की सूचना पर घटनास्थल पर तत्काल पहुंचे। इस दौरान क्षेत्राधिकारी सदर अजय सिंह चौहान, सीओ फरेंदा सुनील दत्त दूबे के अलावा सभी थानेदार एवं अन्य

# बालक की पिटाई के मामले में 6 पर केस

**नौतनवां।** नवीन मंडी समिति से गेहूं चोरी के आरोप में बालक की पेड़ में बांधकर की गई पिटाई के मामले में पिता रामकिशुन की तहरीर पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता का कहना है कि प्रकरण में पीड़ित के पिता ने तहरीर दी थी। इस मामले में 6 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपियों को चिह्नित किया जा रहा है। आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस मामले को बाल संरक्षण आयोग ने भी संज्ञान में लिया है। संवाद

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2021

# पत्नी ने दर्ज कराया मुकदमा

**बस्ती।** सोनहा थाना क्षेत्र के एक गांव की रहने वाली महिला ने पति पर मारपीट कर गला दबाने का आरोप लगाया है। तहरीर में आरोप लगाया है कि उसके पति का दूसरी महिला से अनैतिक संबंध को लेकर आपत्ति जताई तो मारपीट कर धमकाया। पुलिस ने आरोपी ओमप्रकाश के खिलाफ आईपीसी की धारा 323 व 506 के तहत केस दर्ज कर लिया है। वहीं एक अन्य मामले में कप्तानगंज थाना पुलिस ने फोन कर अपशब्द कहने व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में हरदी निवासी गुड़िया देवी की तहरीर पर लालगंज थाना क्षेत्र के संजू गुप्ता के खिलाफ आईपीसी की धारा 504 व 507 के तहत केस दर्ज किया है।

# किशोरी से छेड़खानी, मुकदमा दर्ज

**बस्ती।** सोनहा पुलिस ने किशोरी से छेड़खानी करने का मुकदमा दर्ज किया है। क्षेत्र के एक गांव में आई गोंडा के खोड़ारे थाना क्षेत्र की रहने वाली पंद्रह वर्षीय पीड़िता के साथ इसी गांव के रहने वाले रामसिंह चौहान ने चौदह जुलाई की रात अश्लील हरकत की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने 354 व पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया।

# सवा दो किलो गांजे संग दो गिरफ्तार

**पैकोलिया।** गांजा के साथ पैकोलिया पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। दोनों के कब्जे से कुल 2.35 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ है। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि एसआई रमेश यादव की टीम ने शुक्रवार की देर शाम हर्रैया-बभनान मार्ग पर पचपेड़वा मोड़ स्थित पुरा पैकोलिया के पास से सूरज निवासी पूरा थाना पैकोलिया व मनोज निवासी नरायनपार थाना पैकोलिया को पकड़ा। सूरज के पास से 1.15 किलोग्राम व मनोज के कब्जे से 1.2 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। दोनों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# आधार कार्ड बनाने की किट मिली

**भानपुर।** बाल विकास परियोजना कार्यालय रामनगर के सभी 198 आगंनबाड़ी केन्द्रों के छह वर्ष तक के बच्चों का अब सीडीपीओ कार्यालय में ही आधार कार्ड बनेगा। आधार कार्ड बनाए जाने के लिए जिम्मेदारों ने सीडीपीओ कार्यालय रामनगर को कम्प्यूटर-मानीटर, आई स्कैनर व फिंगर स्कैनर सहित सम्पूर्ण किट उपलब्ध करा दिया है।

चार माह बाद फिर शुरू हुआ समाधान दिवस, कब्जे की शिकायत को भटक रहे रामचंदर को डीएम का आश्वासन

# समाधान दिवस में शिकायतों की भरमार

बस्ती | निज संवाददाता

कोविड की दूसरी लहर में पिछले चार माह से बंद संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन जिले के चारो तहसीलों में हुआ। सदर में डीएम, हरैंया में सीआरओ, भानपुरमें एडीएम व रुधौली में सीडीओ ने मामलो की सुनवाई की। सदर तहसील में पहुंचे चार से भटक रहे रामचंद्र पांडेय को उस समय उम्मीद जगी जब डीएम ने क्षेत्रीय लेखपाल को तीन दिन के अंदर प्रकरण के निस्तारण कर उन्हें आख्या देने का निर्देश दिया।

सदर तहसील में शनिवार को आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता डीएम सौम्या अग्रवाल ने किया। यहां पर कुल 55 शिकायतें मिली, जिसमें से छह का मौके पर निस्तारण किया गया। विधायक दयाराम चौधरी, आईजी अनिल राय, पुलिस अधीक्षक आशीष श्रीवास्तव ने सुनवाई कर निस्तारण का निर्देश दिया।

समाधान दिवस का संचालन एसडीएम पवन जायसवाल ने किया। पीडी कमलेश सोनी,एसओसी अनिल कुमार राय, डीसी मनरेगा इन्द्रपाल सिंह, एनआरएलएम रामदुलारे, अधिशासी अभियन्ता सरयू नहर खण्ड चार राकेश कुमार गौतम, विद्युत संतोष कुमार तथा हेमन्त सिंह, पीडब्लूडी शुभनारायण, रामनगीना यादव, पूजा पाल, सावित्री देवी आदि मौजूद रहे।

**अब पहले व तीसरे शनिवार को होगा समाधान दिवसः** डीएम सौम्या अग्रवाल ने बताया कि नए शासनादेश के अनुसार माह के पहले और तीसरे शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन तहसीलों में होगा। जिला स्तरीय तहसील दिवस में शासन से चिन्हित 38 अधिकारियों को उपस्थित रहना अनिवार्य है। बिना उनसे अनुमति प्राप्त किए कोई भी अधिकारी अपने सेकेण्ड अफसर को नहीं भेजेगा।

**कस्तूरबा विद्यालयों का एक सप्ताह में हो विद्युतीकरणः** डीएम ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत को निर्देश दिया कि रामनगर कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में विद्युतीकरण एक सप्ताह के भीतर कराया जाए। विभाग ने दो लाख 74 हजार जमा कर दिया गया है। उन्होंने डीपीआरओ को निर्देश दिया कि प्रत्येक ग्राम में कोरोना संक्रमण से मृतक की याद में स्मृति उपवन बनाया जाना है। इसकी प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध करावें।

**किसानों को दी गई उड़द की मुफ्त किटः** समाधान दिवस में शनिवार को पहुंचे विधायक सदर दयाराम चौधरी, डीएम सौम्या अग्रवाल, एसपी आशीष श्रीवास्तव ने पांच किसानों अयोध्या प्रसाद, पंकज, त्रियुगी नारायण, रविन्द्र कुमार को चार-चार किग्रा उरद के बीज का मिनी किट दिया। उप निदेशक कृषि डॉ. संजय त्रिपाठी ने बताया कि यह गुणवत्तापूर्ण बीज प्रदर्शन के लिए दिये जा रहे हैं। जिला कृषि अधिकारी संजेश श्रीवास्तव ने बताया कि इससे एक एकड़ में बुआई हो सकेगी।

**सात मामलों में एक का हुआ निस्तारणः** तहसील सभागार रुधौली में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी डा. राजेश कुमार प्रजापति ने किया। समाधान दिवस में विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने आए हुए फारियादियों की समस्या को सुनकर सम्बाधित आधिकारियों को निस्तारण करने का निर्देश दिया। समाधान दिवस के दौरान भारी बारिश होने के कारण फरियादियों की संख्या कम रही और केवल सात मामले आए, जिसमें एक मामले का निस्तारण हुआ। एसडीएम आनन्द सिंह श्रीनेत, सीओ धनजय सिंह कुशवहा, प्रभारी निरीक्षक शिवाकान्त मिश्रा, बीडीओ बिमला चौधरी, ईओ अवनीश कुमार सिंह, एडीओ दयाराम वर्मा सहित हलका के राजस्व कर्मी मौजूद रहे।



बस्ती सदर तहसील में शिकायतों की सुनवाई करतीं डीएम सौम्या अग्रवाल।

## फरियादियों की संख्या रही कम

**भानपुर।** कोरोना व पंचायत चुनाव के चलते 16 मार्च के बाद अब 17 जुलाई को संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। एडीएम अभय कुमार मिश्र ने फरियादियों के मामलों की सुनवाई की। शनिवार को सुबह नौ बजे से ही तेज बरसात होने के कारण समाधान दिवस में फरियादी कम आए और 31 मामले आए। राजस्व विभाग के सात मामले मौके पर ही निस्तारित कर दिए गए। समाधान दिवस में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/ एसडीएम अमृत पाल कौर, तहसीलदार केशरी नदंन त्रिपाठी, एएसएपी दीपेन्द्र चौधरी मौजूद रहे।

## सीआरओ ने की सुनवाई

**हरैंया।** चार माह बाद शनिवार को तहसील सभागार में सीआरओ नीता यादव की अध्यक्षता मे समाधान दिवस का आयोजन हुआ। राजस्व विभाग सहित 53 मामले आए, तीन मामलों का अभिलेखीय जांचकर मौके पर निस्तारण किया गया। एसडीएम और तहसीलदार हरैंया ने समस्याओं को सुना। सीआरओ ने 15 मार्च को लंबित मामले की जानकारी लिया। समाधान दिवस में राजस्व के 19, विकास के सात, पुलिस के 14, विद्युत के दो, सरयू नहर का एक व अन्य 10 मामले आए।

## बोले पीड़ित



मेरे गांव में सरकारी जमीन और मेरे जमीन पर कुछ लोग 2016 से कब्जा कर रखे हैं। सात साल से थाने और तहसील का चक्कार काट रहा हूं। वे लोग दबंग हैं, इसलिए कोई कार्रवाई होती है। आज शनिवार को पता चला कि डीएम मैडम का समाधान दिवस में सुनवाई कर रही हैं तो अपनी फरियाद लेकर यहां चला आया।डीएम मैडम ने लेखपाल को तीन दिन के अंदर निस्तारण करवाकर आख्या प्रस्तुत करने का निर्देश दी हैं।

**रामचन्द्र पांडेय**, निवासी डिलिया



गांव में घर के बगल पट्टीदार से जमीन का विवाद कई वर्षो से चल रहा है। कई बार समाधान दिवस और थाने पर इसकी शिकायत की थी लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। शनिवार को सुबह ही पट्टीदारों ने मेरा छप्पर उजाड़ दिया। नगर थाने पर शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। पता चला कि डीएम साहब सदर तहसील में में सुनवाई कर रही हैं तो प्रार्थना पत्र लेकर डीएम मैडम को बताई। डीएम मैडम ने कार्रवाई का निर्देश दिया है।

**नीलम**, नगर बाजार



काफी दिनों से पट्टीदारों से जमीनी विवाद चल रहा था। कई बार सोनहा थाने में शिकायत की। चुनाव में आचार संहिता लग जाने के कारण समाधान दिवस में नहीं पहुंच सकी थी। इधर चार पांच दिन पहले भी मेरे पट्टीदारों ने मेरे सभी परिवार को मारापीटा। मेरा पैर टूट गया। सोनहा थाने में शिकायत करने पर कोई सुनवाई नहीं हुई। पता चला कि डीएम साहिबा का समाधान दिवस बस्ती सदर में है, इसलिए यहां फरियाद करने चली आई। डीएम साहिबा ने आश्वासन दिया है कि शीघ्र ही कार्रवाई होगी।

**आशिया**, निवासी आदमपुर सोनहा

# जीआरपी-आरपीएफ टीम अपराध पर लगाएं अंकुश



बस्ती रेलवे स्टेशन के आरपीएफ बैरक का निरीक्षण करते आइजी रेलवे लखनऊ सत्येंद्र कुमार सिंह, सीओ जीआरपी रचना मिश्रा, इंस्पेक्टर नरेंद्र यादव ● सौ.आरपीएफ

**जागरण संवाददाता, बस्ती :** पुलिस महानिरीक्षक रेलवे लखनऊ सत्येंद्र कुमार सिंह शनिवार को बस्ती रेलवे स्टेशन पहुंचे। उन्होंने यहां जीआरपी थाना और आरपीएफ पोस्ट समेत परिसर का निरीक्षण किया। पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि जीआरपी और आरपीएफ टीम समन्वय बनाकर अपराध पर अंकुश लगाएं। उन्होंने जीआरपी थाना व आरपीएफ पोस्ट और स्टेशन परिसर की साफ-सफाई व्यवस्था ठीक मिलने पर पीठ थपथपाई।

दिन में करीब 1.30 बजे स्टेशन पहुंचे पुलिस महानिरीक्षक ने पहले जीआरपी थाना का निरीक्षण किया। बैरक, कंप्यूटर कक्ष समेत कार्यालय में फाइलों के रख-रखाव को देखा। रख-रखाव दुरुस्त मिलने पर प्रसन्नता जताई। स्टेशन की सफाई व्यवस्था भी देखी। आरपीएफ बैरक का भी निरीक्षण किया। इसके बाद पुलिस महानिरीक्षक ने सैनिक सम्मेलन किया। उन्होंने जीआरपी व आरपीएफ टीम सदस्यों से

**निरीक्षण**

- आइजी रेलवे ने जीआरपी थाना व स्टेशन का किया निरीक्षण
- कार्यालय में रख-रखाव व सफाई व्यवस्था ठीक मिली

कहा कि कोविड संक्रमण काल के चलते अब ट्रेनों व स्टेशनों पर चोरी जैसी घटनाएं बढ़ सकती हैं, ऐसे में सतर्कता बरतें। अपराध की रोकथाम के लिए जीआरपी व आरपीएफ टीम समन्वय बनाकर सघन जांच करें।

उन्होंने कहा कि अपराध की रोकथाम के लिए ट्रेनों में नए-नए तरीके अपनाए जाएं। अपराध रोकने के लिए कर्मियों को प्रोत्साहित भी करने के लिए कहा। आरपीएफ इंस्पेक्टर नरेंद्र यादव व जीआरपी थाना निरीक्षक शशिकांत चौहान को दिशा-निर्देश दिए। कहा कि निरंतर गश्त करते रहें। सीओ जीआरपी रचना मिश्रा, खलीलाबाद चौकी प्रभारी आजम अंसारी आदि मौजूद रहे।

# मारपीट की घटनाओं में 15 पर केस दर्ज

**बस्ती।** कोतवाली, पुरानी बस्ती व परसरामपुर पुलिस ने मारपीट की तीन घटनाओं में पंद्रह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

कोतवाली क्षेत्र के बरसांव निवासी कमलावती पत्नी जीवनलाल का आरोप है कि गांव के बब्बू खान, शराफत खान, अब्दुल सईद, हसीम खान, इस्तिहाक, राहुल, बदरूद्दीन व मो. हसन ने जमीन के विवाद को लेकर एक राय होकर अपशब्दों का प्रयोग करते हुए मारापीटा। जानमाल की धमकी देते हुए साइकिल तोड़कर नुकसान कर दिया।

# गांजा के साथ दो गिरफ्तार

**बस्ती:** पैकोलिया थाने के एसओ धर्मेंद्र कुमार तिवारी, उप निरीक्षक रमेश यादव की टीम ने दो संदिग्ध युवकों को हर्रैया बभनान मार्ग पर पूरा पैकोलिया गांव के पास से गिरफ्तार किया है।उनकी पहचान सूरज निवासी पूरा पैकोलिया और मनोज निवासी नरयनापार थाना पैकोलिया के रूप में हुई।दोनो के पास से 2.350 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है।दोनो के विरुद्ध एनडीपीएस एक्अ के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

# ढाई किलो गांजा के साथ दो लोग गिरफ्तार

**पैकोलिया।** पैकोलिया पुलिस ने शनिवार को पचपेड़वा मार्ग से दो युवकों को ढाई किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि पैकोलिया थानाक्षेत्र के पूरा पैकोलिया निवासी सूरज के पास 1.150 किलोग्राम तथा नरयनापार निवासी मनोज के पास से 1.200 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। संवाद

# आईजी रेलवे ने जीआरपी पोस्ट का किया निरीक्षण

**बस्ती।** आईजी रेलवे सत्येंद्र कुमार सिंह ने शनिवार को जीआरपी थाने का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन व ट्रेन में अपराधों को कम करने पर जोर दिया। स्टेशन व कार्यालय में बेहतर रखरखाव के लिए संबंधित लोगों की सराहना भी की। सीओ रेलवे रचना मिश्रा, आरपीएफ इंस्पेक्टर नरेंद्र यादव और जीआरपी थानाध्यक्ष शशिकांत चौहान के साथ पुलिस महानिरीक्षक सत्येंद्र सिंह ने स्टेशन का निरीक्षण किया। सलामी गार्द को नकद पुरस्कार से पुरस्कृत भी किया। इस दौरान कार्यालय में अभिलेखों के रखरखाव और रेलवे स्टेशन पर सफाई व्यवस्था दुरुस्त पाए जाने पर थानाध्यक्ष जीआरपी शशिकांत चौहान की सराहना की। संवाद

# ढाई किलो गांजा के साथ दो लोग गिरफ्तार

**पैकोलिया।** पैकोलिया पुलिस ने शनिवार को पचपेड़वा मार्ग से दो युवकों को ढाई किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि पैकोलिया थानाक्षेत्र के पूरा पैकोलिया निवासी सूरज के पास 1.150 किलोग्राम तथा नरयनापार निवासी मनोज के पास से 1.200 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया है। दोनों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है। संवाद

# मारपीट के आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया

**पैकोलिया।** थानाक्षेत्र के इटवा राजा गांव में तीन दिन पहले हुए मारपीट के मामले में पुलिस ने आठ आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। इटवा राजा गांव में बृहस्पतिवार की सुबह सात बजे जमीन के विवाद में दबंगों ने रामनवल के घर में घुसकर मारपीट की थी।

जिसमें रामनवल समेत परिवार के बद्री प्रसाद, राजपती, शांति देवी, रागिनी, प्रवीण, सुमन, पूनम, प्रेम, किरन, अरुण, अरविंद, प्रदीप को चोटे आई थीं। आरोप है कि पूनम को छत से नीचे धकेल दिया गया था। घायलों में पांच का इलाज अभी भी जिला अस्पताल में चल रहा है। पुलिस ने पीड़ित रामनवल की तहरीर पर 17 नामजद और 15 अज्ञात के विरुद्ध गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज हुआ है।

थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार तिवारी ने बताया कि शनिवार आरोपित अजय, बृजलाल, विनय वर्मा, अमर चंद, ओमप्रकाश, जगदंबा, संदीप और अंकित वर्मा को इटवा गांव के पास से गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया है। अन्य आरोपितों की तलाश की जा रही है। संवाद

# भानपुर में 31 में से सात निस्तारित

भानपुर। संपूर्ण समाधान दिवस में एडीएम अभय कुमार मिश्र और एएसपी दीपेंद्र नाथ चौधरी ने फरियादियों की सुनी। कुल 31 शिकायतें दर्ज कराई, जिनमें से राजस्व के सात मामलों का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।

इस मौके पर उपस्थित विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने कहा फरियादियों के समस्याओं का समय से समाधान हो और उन्हें बार-बार न दौड़ाया जाए। इस मौके पर जेएम व एसडीएम अमृत पाल कौर, तहसीलदार केशरी नंदन तिवारी आदि मौजूद रहे। संवाद

SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2021

रेलवे फाटक खुलवाने का मामला

# सांसद के आश्वासन पर आमरण अनशन खत्म

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** शहर के भीमापार स्थित रेलवे फाटक को खोलवाने की मांग को लेकर दूसरे दिन भी समाजसेवी गगन श्रीवास्तव व समाजवादी युवजन सभा की प्रदेश सचिव शुभांगी द्विवेदी आमरण अनशन पर जमे रहे। सूचना पाकर अनशन स्थल पर पहुचे सांसद जगदम्बिका पाल ने आमरण अनशन पर बैठे लोगों को जूस पिलाकर उनका आमरण अनशन तोड़वाय तथा आमरण अनशन पर बैठे लोगों के समर्थन में धरने बैठे सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणों को सांसद जगदम्बिका पाल ने यह भरोसा दिलाया कि वे इस रेलवे फाटक को खोलवाने के लिए हर सभव प्रयास करने साथ ही 26 जुलाई से चलने वाली लोकसभा में भी इस मामले को उठाऊंगा।

सांसद श्रीपाल ने यह भी भरोसा दिलाया कि वे रेलवे मंत्री से मिलकर गोरखपुर के तर्ज पर अंडर पास बनवाने का पूरा प्रयास करूंगा। बताते चले



जूस पिलाकर अनशन को समाप्त कराते सांसद। फोटो : एसएनबी

कि रेलवे ओवर ब्रिज बनने के बाद रेलवे प्रशासन द्वारा भीमापार स्थित रेलवे फाटक को बंद कर दिए जाने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश था। फाटक को खोलवाने की मांग को लेकर लोगों द्वारा जिलाधिकारी, सांसद व रेलवे के अधिकारियों को ज्ञापन दिया गया था, उसके बाद भी जब फाटक नही खुला, तो समाजसेवी गगन श्रीवास्तव व सयुस की प्रदेश सचिव शुभांगी द्विवेदी आमरण अनशन पर बैठ गई। मौके पर पहुंचकर सांसद द्वारा आमरण अनशन पर बैठे लोगों को रेलवे फाटक को खोलवाने का भरोसा दिलाया तब जाकर लोगो ने आमरण अनशन खत्म किया। आमरण अनशन पर बैठे लोगों के समर्थन में पूर्व ब्लाक प्रमुख राजू सिहं, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष विजय चौधरी, प्रधान संघ के पूर्व जिलाध्यक्ष श्याम नारायण मौर्य, राजू चौबे, बबलू श्रीवास्तव, दयाराम लोधी, संतोष कुमार, सुरेन्द कुमार मौर्या, अनिल जायसवाल, कन्हैया मित्तल, विजय यादव, दिनेश, आलोक कुमार आदि उपस्थित रहे।

# समाधान प्राथमिकता के आधार पर करें

**सिद्धार्थनगर/बांसी (एसएनबी)।** कोविड महामारी के कारण कई महीनों के बाद लोगों की समस्याओं को सुनने व उसके समाधान हेतु तहसील दिवस का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में बांसी तहसील में आयोजित तहसील दिवस में कुल 16 मामले जिसमें मौके पर मात्र दो ही मामलो का समाधान हो पाया। तहसील बांसी में आयोजित तहसील समाधान दिवस के आयोजन के अवसर पर राजस्व, विकास, शिक्षा, पूर्ति एवं अन्य विभागों के शिकायतों की सुनवाई जिलाधिकारी दीपक मीणा तथा उपजिलाधिकारी बांसी जग प्रवेश द्वारा किया गया। पुलिस विभाग से सम्बन्धित प्रार्थना पत्रों की सुनवाई अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चन्द्र रावत द्वारा किया गया।

जिलाधिकारी दीपक मीणा ने तहसील समाधान दिवस बांसी में उपस्थित अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि सभी अधिकारी व कर्मचारी शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करे। तहसील दिवस में आने वाले मामलो का प्राथमिकता के आधार पर समाधान कराते हुए गरीबों, असहायों को उचित एवं त्वरित न्याय दिलाने का कार्य करें। पीड़ित व्यक्ति को उचित/त्वरित न्याय दिलाना हम सब की नैतिक जिम्मेदारी है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतकर्ता को पर्ची दी जाए तथा शिकायत का निस्तारण करने के पश्चात शिकायतकर्ता से फोन पर निस्तारित की गयी शिकायत के संबध में जानकारी भी प्राप्त करने का निर्देश दिया। बांसी तहसील में आयोजित समाधान दिवस में कुल 16 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत हुए जिसमें राजस्व के-10, पुलिस विभाग से सम्बन्धित-5 तथा आपूर्ति विभाग से सम्बंधित -1 प्रार्थना-पत्र प्रस्तुत हुए। जिसमें राजस्व विभाग का 2 प्रार्थना-पत्र मौके पर निस्तारित करा दिया गया। शेष मामलो के समाधान के लिए तीन दिवस के अन्दर शत-प्रतिशत निस्तारण की कार्यवाही सम्बन्धित विभाग के अधिकारियो को निर्देश दिया गया।



तहसील दिवस में सुनवाई करते जिलाधिकारी दीपक मीणा। फोटो : एसएनबी

**जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बांसी तहसील में आयोजित तहसील दिवस में कुल 16 मामले आये, मात्र 2 का समाधान**

**नौगढ़ तहसील में एसडीएम की अध्यक्षता में आयोजित समाधान दिवस में कुल 10 मामलों में मात्र एक का हुआ समाधान**

इस अवसर पर ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेट सिद्धार्थनगर ओजस्वी राज, अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत, जिला विकास अधिकारी शेषमणि सिंह, जिला विद्यालय निरीक्षक अवधेश नारायण मौर्य, जिला कृषि अधिकारी सीपी सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी बृजेश कुमार मिश्र, जिला समाज कल्याण अधिकारी डा. राहुल गुप्ता, जिला दिव्यांग जनसश्क्तीकरण अधिकारी एजाजुल हक आदि उपस्थित रहे। इसी क्रम में नौगढ़ तहसील में उप जिलाधिकारी विकास कश्यप की अध्यक्षता में आयोजित तहसील समाधान दिवस में कुल 10 मामले आये, जिसमें से मौके पर राजस्व विभाग से सम्बंधित मात्र 1 ही मामले का समाधान हो पाया। सुनवाई के दौरान सीओ सदर राणा महेंद्र प्रताप सिंह, तहसीलदार नौगढ़ राम ऋषि रमन आदि उपस्थित रहे।

# मिल जुलकर सकुशल संपन्न कराएं आगामी त्योहार

**सिद्धार्थनगर (एसएनबी)।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी दीपक मीणा की अध्यक्षता में आयोजित जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक में ईद-उल-जुहा (बकरीद) व श्रावण मास त्यौहार को सकुशल व शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने के लिए सभी धर्मगुरुओं व संभ्रात नागरिकों से अपील किया गया।



बैठक में उपस्थित अधिकारीगण। फोटो : एसएनबी

**डीएम की अध्यक्षता में आयोजित की गई जनपद स्तरीय पीस कमेटी की बैठक**

**अराजक तत्व द्वारा माहौल को खराब करने का प्रयास किया गया तो होगी कड़ी कार्यवाही : एएसपी**

पीस कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए, जिलाधिकारी दीपक मीणा ने सभी से मिलजुलकर आगामी त्यौहार को सकुशल व शान्ति पूर्ण माहौल में मनाने की अपील किया। उन्होंने सभी थाना क्षेत्र से आये हुए लोगों से संवाद करते हुए कहा कि अगर किसी को कोई समस्या है, तो बताए। सभी ने एक स्वर में कहा कि यह भगवान बुद्ध की धरती है। कहीं पर किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है, सभी लोग मिलजुकर एक दूसरे का त्यौहार मनाते है। अपर पुलिस अधीक्षक सुरेश चंद्र रावत ने कहा कि बकरीद व श्रावण मास त्यौहार को कोविड -19 प्रोटोकाल को ध्यान में रखते हुए मनाए जाने की अपील किया, उन्होंने हिदायत देते हुए कहा कि अगर किसी भी अराजक तत्व द्वारा त्यौहार को सकुशल व शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न कराने में खलल पैदा करने की कोशिश की गई, तो ऐसे तत्वों को बख्शा नही जायेगा। उन्होंने लोगो से अपील किया कि अगर क्षेत्र में किसी भी तत्व द्वारा अराजकता फैलाने की संभावना हो तो सरकारी नम्बर पर तत्काल सूचना दें। जिससे समय रहते हुए अराजक तत्वों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा सके। बैठक में समाजसेवी राणा प्रताप सिंह, सिविल सिद्धार्थ बार एसोसिएसन के अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह, भाजपा अनुसूचित प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ गौतम, पूर्व जिला पंचायत सदस्य अजय सिंह सहित आदि उपस्थित रहे।

# 181 वाहनों का चालान

**सिद्धार्थनगर।** जनपद पुलिस ने शनिवार को वाहनों की चेकिंग के दौरान कागजात में खामियां मिलने व यातायात नियमों का उलंघन कर फर्राटा भरने वाले 181 वाहनों का ई-चालान कर दिया। साथ ही वाहन स्वामियों से 1.24 लाख रुपये शमन शुल्क वसूल किया।

# भाइचारगी, शांति के साथ मनाएं त्योहार

खेसरहा | हिन्दुस्तान संवाद

खेसरहा थाने में शनिवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जग प्रवेश व सीओ अरुण चंद्र की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें बकरीद और कावड़ यात्रा को लेकर चर्चा की गई। साथ ही सभी से त्योहारों को परम्परागत तरीके से भाइचारगी के साथ मनाने को कहा गया।

सीओ ने बताया कि कावड़ यात्रा को लेकर अभी सुप्रीम कोर्ट की गाइड लाइन आना बाकी है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ही यात्रा संपन्न होगी। ईद उल अजहा त्योहार को परम्परागत तरीके से ही मनाया जाए। साफ-सफाई का पूरा ध्यान रखा जाए। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जग प्रवेश ने कहा कि कोरोना महामारी को देखते हुए त्योहार में ज्यादा भीड़ भाड़ न होने पाए। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह, विवेक राय आदि मौजूद रहे।

**बर्डपुर संवाद** के अनुसार कपिलवस्तु कोतवाली परिसर में शनिवार को शांति कमेटी की बैठक हुई। इसमें सभी से शांतिपूर्वक भाईचारे के साथ त्योहार मनाने को कहा गया।

कोविड प्रोटोकॉल के तहत मास्क और उचित दूरी बनाए रखने की बात कही गयी। कोतवाली प्रभारी महेश सिंह ने कहा कि जो भी कोविड से बचाव का टीका नहीं लगवाएं हैं वे जरूर लगवा लें। एसआई संजीव शुक्ल, दिलीप यादव, केशरीलाल चौधरी, राम करन निषाद, अभिषेक कुमार, प्रधान अब्दुल करीम, अब्दुल हकीम, प्रदीप चौधरी, मो.इब्राहिम, हजरत अली आदि रहे।



खेसरहा थाने में शनिवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट जग प्रवेश व सीओ अरुण चंद्र की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई।

शोहरतगढ़ संवाद के अनुसार शोहरतगढ़ थाना परिसर में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक एसडीएम शिवमूर्ति सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें आगामी त्योहारों ईद-उल-जुहा, श्रावण मास, नाग पंचमी, रक्षाबंधन व 15 अगस्त को शांतिपूर्वक आपसी मेलजोल व भाईचारे के साथ मनाने को कहा गया।

एसडीएम ने कहा कि कोरोना संक्रमण से बचने के लिए सभी को जागरूक रहना जरूरी है।

# सांसद के आश्वासन पर आमरण अनशन समाप्त

सिद्धार्थनगर | निज संवाददाता

शहर की भीमापार रेल क्रासिंग को रेल प्रशासन ने एक पखवारा पूर्व बंद कर दिया है इससे आसपास की बड़ी आबादी के सामने दिक्कत आ गई है। रेल क्रासिंग खोलने की मांग को लेकर शुक्रवार से आमरण अनशन शुरू हुआ था जिससे शनिवार को सांसद जगदंबिका पाल ने मामले को लोकसभा सत्र के दौरान उठाने व अंडरपास बनवाने का आश्वासन देकर समाप्त करा दिया।

भीमापार रेलवे क्रासिंग खोलवाने की मांग को लेकर गगन श्रीवास्तव शुक्रवार से जबकि एडवोकेट शुभांगी द्विवेदी शनिवार से आमरण अनशन पर बैठी थीं। आसपास की सैकड़ों की संख्या में भीड़ भी समर्थन में धरना पर बैठी थी। अनशनकर्ताओं का कहना था कि वह लोग पूर्व में धरना, प्रदर्शन तक कर चुके लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई थी इससे मजबूरी में आमरण अनशन पर बैठना पड़ा था। शनिवार को अनशन स्थल पर सांसद जगदंबिका पाल पहुंचे। उन्होंने कहा कि वह जो भी वादा करते हैं पूरा करते हैं। उन्होंने भीमापार रेल क्रासिंग खोलने की मांग को लेकर तत्कालीन रेलमंत्री से मुलाकात की थी लेकिन विस्तार में वह हट गए अब नए रेल मंत्री से मिलेंगे। उन्होंने कहा कि वह भीमापार रेल क्रासिंग का मुद्दा आगामी लोकसभा सत्र में भी उठाएंगे। उनका प्रयास होगा कि अंडर पास बन जाए जिससे लोगों की दिक्कतें दूर हो। इसके बाद उन्होंने गगन श्रीवास्तव व शुभांगी द्विवेदी को जूस पिलाकर आमरण अनशन समाप्त कराया। इस दौरान श्याम नारायन मौर्य, राजू सिंह, विजय चौधरी, दयाराम लोधी, राजन सिंह, विजय यादव आदि मौजूद रहे।

**एक दिन पहले हुए सगाई, बैठ गई आमरण अनशन पर:** भीमापार रेल क्रासिंग खोलने की मांग को लेकर शनिवार को आमरण अनशन पर बैठने वाली सपा नेत्री शुभांगी द्विवेदी एडवोकेट की गुरुवार को सगाई हुई है। सगाई के दूसरे दिन ही आमरण अनशन पर बैठने को लेकर सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि यह बड़ी बात है। जनहित के लिए बेमिसाल है।

## भीमापार क्रॉसिंग

- भीमापार रेल क्रासिंग खोलने की मांग को लेकर शुक्रवार से चल रहा था आमरण अनशन
- सांसद ने दिया आश्वासन, लोकसभा सत्र में उठाएंगे मुद्दा बनवाएंगे अंडरपास




रेल प्रशासन द्वारा बंद की गई शहर की भीमापार रेल क्रासिंग को खोलने के लिए चल रहे अमरण अनशन स्थल पर शनिवार को पहुंचे सांसद जगदंबिका पाल ने रेल क्रॉसिंग की जगह अडंरपास बनवाने का आश्वासन देकर अनशन समाप्त करा दिया। ● हिन्दुस्तान

# सांसद के आश्वासन पर समाप्त हुआ आमरण अनशन

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर** : सांसद जगदंबिका पाल के आश्वासन पर भीमापार में आमरण अनशन पर बैठे अनशनकारियों ने आंदोलन समाप्त किया। दोनों अनशनकारियों को जूस पिलाया। वहां मौजूद लोगों को जल्द ही रेलवे क्रासिंग खुलवाने का आश्वासन दिया। लोकसभा में यह मुद्दा उठाने की बात कही।

रेलवे ने भीमापार मोहल्ला के पास स्थित क्रासिंग को बंद कर दिया है। इसे लेकर नगरवासियों ने विरोध प्रदर्शन शुरू किया। भीमापार निवासी गगन श्रीवास्तव शुक्रवार को आमरण अनशन पर बैठने की घोषणा की। इनके समर्थन में अधिवक्ता शुभांगी द्विवेदी भी अनशन पर बैठ गईं। इसकी सूचना सांसद को मिली तो वह लोगों की परेशानियों को जानने के लिए पहुंचे।



गगन श्रीवास्तव को जूस पिलाकर अनशन खत्म कराते सांसद जगदंबिका पाल बाएं ● जागरण

उन्होंने वादा किया कि 26 जुलाई से लोकसभा का सत्र शुरू होगा। सदन में पहला मुद्दा भीमापार का ही उठाऊंगा। रेलमंत्री से मुलाकात कर इस रोड व रेलवे क्रासिंग की महत्ता की जानकारी देंगे। गोरखपुर के तर्ज पर जल्द ही अंडरपास बनवाने का प्रयास होगा। पूर्व ब्लाक प्रमुख राजू सिंह, विजय चौधरी, राजू चौबे, बबलू श्रीवास्तव, श्याम नारायण मौर्या आदि मौजूद रहे।

## शांतिपूर्वक मनाएं त्योहार कोविड नियमों का करें पालन

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर:** बकरीद व श्रावण मास को देखते हुए शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में शांति कमेटी की बैठक हुई। डीएम दीपक मीणा ने सभी से त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने की अपील की। कहा कि कोविड 19 के नियमों का पालन करें। यदि किसी प्रकार की समस्या हो तो जिला प्रशासन को अवगत कराएं। एएसपी ने कहा कि कानून में खलल डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।

सदर, बांसी कोतवाली, खेसरहा, भवानीगंज, शोहरतगढ़, कपिलवस्तु थाने में भी पीस कमेटी की बैठक हुई। सभी से शांति पूर्वक त्योहार मनाने की अपील की गई। सदर थाने में एसओ केडी सिंह, उपनिरीक्षक चंदन, जितेंद्र यादव आदि मौजूद रहे।

**यह और अन्य खबरें देखें**

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# 'अराजकता फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई'

## कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** कलेक्ट्रेट सभागार में शनिवार को डीएम की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें बकरीद को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। अराजकता फैलाने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

डीएम दीपक मीणा ने बैठक में मौजूद धर्म गुरुओं से कहा कि बकरीद और श्रावण मास को शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने में सहयोग करें। एएसपी सुरेशचंद रावत ने कहा कि बकरीद और श्रावण मास के दृष्टिगत आपसी सौहार्द बनाए रखते हुए तथा कोविड-19 के प्रोटोकॉल को ध्यान में रखकर शांतिपूर्वक ढंग से त्यौहार मनाएं। कहा कि खलल पैदा करने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई होगी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसी की ओर से अराजकता फैलाने की आशंका हो तो सरकारी नंबर पर तत्काल सूचना दें।

ताकि समय रहते अराजक तत्वों के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा सके। कहा कि माहौल को बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि त्योहार के दिन सभी थानों की पुलिस अलर्ट रहेगी। अगर कोई गड़बड़ी करने की कोशिश करते हुए मिला तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## 'माहौल बिगाड़ने की कोशिश पर होगी कार्रवाई'

**शोहरतगढ़।** स्थानीय थाना सभागार में शनिवार को एसडीएम और सीओ की मौजूदगी में बकरीद व सावन मास को ध्यान में रखते हुए पीस कमेटी की बैठक हुई। एसडीएम शिवमूर्ति सिंह ने कहा कि माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कार्रवाई होगी। उन्होंने लोगों से त्योहार को मनाने के लिए शांति व्यवस्था और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की है। कोविड-19 की गाइडलाइन का पालन करने के लिए कहा। कहा कि कोरोना की तीसरी लहर आने की आशंका जताई जा रही है। कई राज्य में कोरोना वायरस का संक्रमण बढ़ रहा है। ऐसे लोग दो गज दूरी का पालन करें। सीओ प्रदीप कुमार यादव ने ग्राम प्रधानों से कहा कि गांव में कोई व्यक्ति विवाद व बवाल करता है तो उसकी सूचना हल्का के बीट कर्मचारी को दें। थानाध्यक्ष राजेंद्र बहादुर सिंह, एसआई हरीओम कुशवाहा, राघवेंद्र यादव, प्रधानसंघ अध्यक्ष डॉ. पवन मिश्रा, अमित यादव, अफसर आदि मौजूद रहे। संवाद

## शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं त्योहार : सीओ

**खेसरहा।** स्थानीय परिसर में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें बकरीद त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। एसडीएम बांसी जग प्रवेश ने कहा कि त्योहार सभी लोग मिलकर आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनाएं। सीओ अरुण चंद्र ने बताया कि कांवड़ यात्रा के लिए अभी गाइड लाइन आनी बाकी है। ईद उल अजहा को परंपरागत तरीके से ही मनाया जाए। सफाई का पूरा ध्यान रखा जाए। एसडीएम ने बताया कि कोरोना महामारी को देखते हुए भीड़ न होने पाए, इसका ध्यान रखना होगा। ईदगाह में नमाज के बारे में आगे अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक खेसरहा रविंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

## 'शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर होगी सख्ती'

**भवानीगंज।** बकरीद त्योहार शांतिपूर्ण और कोरोना प्रोटोकॉल के नियमों के पालन करते हुए मनाया जाए। शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। ये बातें थानाध्यक्ष भवनीगंज अंजनी कुमार राय ने कहीं। थाना परिसर में शनिवार को आयोजित पीस कमेटी की बैठक में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से अपील की। कहा कि बकरीद को शांति और सौहार्द के साथ मिलकर मनाएं। इस दौरान किसी नई परंपरा की शुरुआत न की जाए। इस दौरान जलालुद्दीन, हिसाबउल्लाह, विनोद कौशल, श्याम चंद्र अग्रहरि, मो. याकूब, मो. अनीस, लल्लू, गुलाम रसूल, मोहम्मद नईम, शमशेर अली आदि मौजूद रहे। संवाद

# शिकायतकर्ता होंगे संतुष्ट, अधिकारी सुनेंगे बात

## पुलिस दफ्तरों में होने वाली फरियादों की सूचना को आईजीआरएस पोर्टल पर किया जा रहा अपडेट

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** अब पुलिस थानों में शिकायत करने वाले फरियादियों की समस्याएं हर हाल में सुनी जाएंगी और उनका निस्तारण किया जाएगा। फरियादी संतुष्ट हैं या नहीं, इसके लिए थाने के संबंधित जांच अधिकारी के समक्ष उन्हें बैठाकर बात होगी।

यह सब पुलिस के आमने-सामने अभियान तहत थानों पर बैठक करके किया जाएगा। आमने-सामने अभियान में एएसपी स्वयं थानों पर मौजूद रहेंगे। सुनवाई के लिए थानेवार दिन और

### आमने-सामने अभियान के तहत पुलिस करेगी सुनवाई

समय तय किया गया है। थानों और पुलिस कार्यालय में चक्कर लगाने के बावजूद अधिकांश फरियादियों की समस्याओं का समाधान नहीं हो पाता है। वहीं आईजीआरएस पोर्टल पर होने वाले शिकायतों पर रिपोर्ट से फरियादी असंतुष्ट रहते हैं। समस्या को देखते हुए एएसपी ने कार्यालय में आने वाले सभी फरियादियों की शिकायत को आईजीआरएस पोर्टल पर अपडेट करते हुए संबंधित थाने को मामले की निस्तारण की जिम्मेदारी दे दी है। अब पुलिस कार्यालय में आने वाली सभी शिकायतें पोर्टल पर अपलोड की जा रही हैं। संबंधित थाने की पुलिस उसका निस्तारण करके रिपोर्ट लगा रही है। मगर कुछ मामलों में फरियादी कार्रवाई से संतुष्ट नहीं हैं।

ऐसे में एएसपी ने अभियान आमने-सामने शुरू किया है, जो 18 जुलाई से शुरू हो रहा है। इसमें शिकायत की जांच करने के वाले दरोगा और फरियादी को एक साथ बैठाया जाएगा। क्या दिक्कत है, कहां से गड़बड़ी है और क्यों संतुष्ट नहीं हैं, इस सब जानकारी ली जाएगी। इसके बाद मामले की दोबारा जांच की जाएगी और सत्यता के आधार पर कार्रवाई होगी। इस लिए थानावार दिन तय किया गया है। एएसपी की मौजूदगी में सुनवाई होगी। जांच करने वाले आईजीआरएस के प्रभारी स्वयं शिकायतकर्ता को फोन के जरिए सुनवाई वाले दिन बुलाएंगे। पुलिस के इस प्रयोग से जहां शिकायतकर्ताओं को राहत मिलेगी, वहीं जांच में जवाबदेही के डर से जांच करने वाले दरोगा सही कार्य करेंगे। एएसपी सुरेशचंद रावत ने बताया कि फरियादियों को न्याय मिले, पुलिस के प्रति उनका विश्वास बढ़े, उसके लिए आमने-सामने अभियान की शुरुआत की गई है।

### पहले चरण में इन थानों से शुरुआत

| तिथि | समय | थाना |
|---|---|---|
| 18 जुलाई | 12 बज | सदर |
| 20 जुलाई | शाम 5 बजे | उसका बाजार |
| 22 जुलाई | शाम 5 बजे | शोहरतगढ़ |
| 24 जुलाई | 12 बजे | डुमरियागंज |
| 25 जुलाई | 12 बजे | बांसी |
| 27 जुलाई | शाम 5 बजे | इटवा |
| 29 जुलाई | शाम 5 बजे | मोहाना |

# शांतिपूर्ण माहौल में मनाएं त्योहार : सीओ

**खेसरहा।** स्थानीय परिसर में शनिवार को पीस कमेटी की बैठक हुई। इसमें बकरीद त्योहार को शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की अपील की गई। एसडीएम बांसी जग प्रवेश ने कहा कि त्योहार सभी लोग मिलकर आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनाएं। सीओ अरुण चंद्र ने बताया कि कांवड़ यात्रा के लिए अभी गाइड लाइन आनी बाकी है। ईद उल अजहा को परंपरागत तरीके से ही मनाया जाए। सफाई का पूरा ध्यान रखा जाए। एसडीएम ने बताया कि कोरोना महामारी को देखते हुए भीड़ न होने पाए, इसका ध्यान रखना होगा। ईदगाह में नमाज के बारे में आगे अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक खेसरहा रविंद्र कुमार सिंह आदि मौजूद रहे। संवाद

# 'शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों पर होगी सख्ती'

**भवानीगंज।** बकरीद त्योहार शांतिपूर्ण और कोरोना प्रोटोकॉल के नियमों के पालन करते हुए मनाया जाए। शांति व्यवस्था बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा। ये बातें थानाध्यक्ष भवनीगंज अंजनी कुमार राय ने कहीं। थाना परिसर में शनिवार को आयोजित पीस कमेटी की बैठक में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों से अपील की। कहा कि बकरीद को शांति और सौहार्द के साथ मिलकर मनाएं। इस दौरान किसी नई परंपरा की शुरुआत न की जाए। इस दौरान जलालुद्दीन, हिसाबउल्लाह, विनोद कौशल, श्याम चंद्र अग्रहरि, मो. याकूब, मो. अनीस, लल्लू, गुलाम रसूल, मोहम्मद नईम, शमशेर अली आदि मौजूद रहे। संवाद

# दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**सिद्धार्थनगर।** दुष्कर्म के आरोपित को उसका थाने की पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार कर लिया।

पूछताछ करने के बाद उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। एसओ उसका अजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित संदीप निवासी कुस्मही पर दुष्कर्म सहित अन्य धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था। वह फरार था। शनिवार को मुखबिर की सूचना पर उसे उसके गांव से पकड़ लिया गया। संवाद

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2021

# कच्ची शराब बरामद, एक गिरफ्तार

नाथनगर । म्महुली थाना क्षेत्र के कालीजगदीशपुर चौकी इंचार्ज सत्येन्द्र यादव की अगुआई में थाना क्षेत्र के लोईयाभार गांव के मोड़ के निकट आने-जाने वाले संदिग्ध वाहनों की चेकिंग चल रही थी। इसी समय एक व्यक्ति एक गैलन में कुछ सामान लेकर जा रहा था। वाहनों की चेकिंग कर रही पुलिस को वह व्यक्ति संदिग्ध लगा तो उसने उस व्यक्ति को रोक कर उसकी तलाशी ली। तलाशी लेने पर उस व्यक्ति के पास से 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। गिरफ्तार हुए व्यक्ति का नाम राजेन्द्र पुत्र रघुवंश बताया गया। महुली थाना क्षेत्र के कालीजगदीशपुर निवासी राजेन्द्र को महुली पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके विरूद्ध धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू कर दिया है।

# जुआ खेलते दो लोग गिरफ्तार

नाथनगर । महुली थाना क्षेत्र के हरिहरपुर नगर पंचायत के अन्तर्गत वार्ड नम्बर 2 राजेन्द्र नगर में शनिवार को जुआ खेलते हुए महुली पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के हरिहरपुर पुलिस चौकी के प्रभारी विरेन्द्र कुमार यादव अपने क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी वार्ड नम्बर 2 राजेन्द्रनगर में सागौन के बाग में दो लोग जूआ खेलते हुए दिख गए। पुलिस को देखकर दोनों भागने लगे। हमराहियों ने दोनों जूआरियों को दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गए जुआरियों के नाम शिव कुमार पुत्र राजबली निषाद व रामनाथ निषाद पुत्र रंगीलाल बताया गया। दोनों पकड़े गए जुआरी हरिहरपुर के वार्ड नम्बर 2 राजेन्द्रनगर के निवासी हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों के पास से तास के 52 पत्ते, भारी भरकम नकदी बरामद किए गए। पुलिस ने अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए न्यायालय को भेज दिया।

# छेड़खानी व मारने-पीटने के मामले में पांच गिरफ्तार

**सेमरियावां(एसएनबी)**। दुधारा पुलिस ने क्षेत्र के गांव बिगरा अव्वल निवासी एक व्यक्ति की तहरीर पर पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर न्यायालय भेज दिया है। गिरफ्तार अभियुक्तों के ऊपर मार-पीट करने व छेड़खानी का आरोप है। थाना दुधारा क्षेत्र के गांव बिगरा अव्वल निवासी एजाज अहमद पुत्र इरशाद अहमद ने मुकामी पुलिस को दिये गये शिकायती प्रार्थना पत्र देकर कहा है कि विपक्षीगण द्वारा बुरी नीयत से छेड़खानी के उद्देश्य खुद की लड़की का पैर पकड़कर जमीन पर पटक देने व लड़के असद अहमद व भतीजी सुफैरा खातून को गाली-गुप्ता देते हुए मारने-पीटने व जान से मारने की धमकी देने का गांव के ही सहबाज अहमद पुत्र अबरार अहमद, असलुब अहमद पुत्र शब्बीर अहमद, जीशान अहमद, मतलूब अहमद, तौकीर अहमद, वसाल अहमद पुत्र शब्बीर अहमद, मुहम्मद यूसुफ, सरफराज अहमद, अबरार अहमद पुत्र सिद्दीक अहमद, एजाज अहमद पुत्र सिद्दीक अहमद, जियाउर्रहमान पुत्र गरीकुर्रहमान निवासीगण सेमरियावां निवासी पर आरोप लगाया है। प्रभारी निरीक्षक विनय कुमार पाठक ने बताया कि उक्त सभी पर मु.अ.सं. 217/21 धारा 147, 323, 354, 504, 506 भादवि के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। साथ ही जीशान अहमद, असलुब अहमद, जीशान अहमद, मतलूब अहमद और सरफराज अहमद को गिरफ्तार कर संबंधित न्यायालय भेज दिया गया है। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक राम प्रवेश यादव को सौंपी गई है।

# छिनैती कर भाग रहे बदमाशों को पुलिस टीम ने दबोचा

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली थाना क्षेत्र में बस्ती-महुली मार्ग पर कुशहवा बाजार के समीप शनिवार की शाम करीब 6 बजे बाइक सवार दो बदमाशों ने एक बाइक सवार को रोक कर उससे 10 हजार नकदी छीन लिए। घटना को अंजाम देने के बाद बाइक सवार दोनों बदमाश भागने लगे। उसी दौरान पीड़ित बाइक सवार ने तत्काल 112 नम्बर पर फोन कर घटना की सूचना पुलिस को दे दी।

सूचना मिलने के 3 मिनट के भीतर पीआरवी पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई और घटना की जानकारी करने के बाद बदमाशों का पीछा करना शुरू कर दिया। पुलिस को पीछा करता देख बदमाश एक मकान में घुस गए। ग्रामीणों की मदद से पुलिस टीम ने बदमाशों को दबोच लिया और उन्हें थाने पहुंचा दिया जहां पुलिस बदमाशों से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार महुली थाना क्षेत्र के आसानीपुरवा गांव निवासी राजेश कुमार यादव पुत्र रामनाथ अपनी बाइक से शनिवार की शाम करीब 6 बजे बस्ती की तरफ किसी जरूरी कार्य से जा रहा था। वह कुशहवा बाजार के समीप पहुंचा था कि बाइक सवार दो बदमाशों ने लाठी-डंडे के बल पर उसे रोक लिया और मारपीट कर उसके पास से 10 हजार नकदी छीन कर भागने लगे। इस दौरान राजेश ने तत्काल 112 नम्बर पर फोन कर घटना की सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पाकर पहुंची पीआरबी पुलिस टीम में शामिल आरक्षी रमेश सिंह यादव, सुबाष गुप्ता व चालक भीम कुमार यादव ने बदमाशों का पीछा करना शुरू कर दिया। पुलिस को पीछा करता देख बदमाश एक मकान में घुस गए जहां ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने बदमाशों को दबोच कर उन्हें महुली थाने पहुंचा दिया जहां पुलिस उनसे घटना के बारे में पूछताछ कर रही है। समाचार लिखे जाने तक घटना के संबंध में तहरीर न मिलने के कारण पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया था। थानाध्यक्ष महुली धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर मिलते ही मुकदमा दर्ज कर कानूनी कार्रवाई पूरी कर दी जाएगी।

**महुली थाना क्षेत्र के कुशहवा बाजार के समीप शनिवार को देर शाम हुई घटना**

# 86 वाहनों से ₹ 65 हजार वसूले शमन शुल्क

■ संतकबीरनगर।

सहारा न्यूज ब्यूरो

कोरोना महामारी को लेकर जिला प्रशासन लोगों से अपील कर रही है कि तीसरी लहर को देखते हुए सतर्कता के साथ मास्क लगाकर घरों से बाहर निकलें। आज जनपद में कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण के दृष्टिगत बिना मास्क के घूम रहे लोगों के विरुद्ध पुलिस ने अभियान के चलाकर कार्रवाई की। वहीं मोटर अधिनियम के तहत कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 86 वाहनों से ₹ 65 हजार शमन शुल्क वसूल किया गया।

पुलिस द्वारा बिना मास्क के घूम रहे 21 व्यक्तियों से 03 हजार 700 का चालान वसूल किया गया। अभियान के तहत कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के कांटे चौकी प्रभारी चन्दन कुमार व उनकी टीम ने बिना मास्क वालों पर सख्त कार्रवाई की और बिना मास्क लगाए घूम व्यक्तियों का चालान काटा। उन्होंने लोगों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि मास्क व सेनेटाइजर का प्रयोग करें। वहुत जरूरी काम हो तभी घर से बाहर निकलें, लोगों से दूरी बनाकर रहें और मास्क का प्रयोग करके ही आवागमन करें। जिससे कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से बचा जा सके। इस दौरान कांटे पुलिस चौकी के कां. मुरली मनोहर, विवेक राय, कोमल प्रसाद, रजनीश यादव, विनोद कुमार व अन्य सिपाही मौजूद रहे।

# आधा दर्जन से ज्यादा पर हुई कार्रवाई

**संतकबीरनगर।** जनपद पुलिस ने कई मामले में आधा दर्जन से ज्यादा लोगों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जिले की पुलिस ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए अभियान चलाया। दुधारा पुलिस ने तीन और महुली पुलिस ने दो आरोपित को पकड़कर शांति भंग की आशंका में चालान किया। इसके साथ ही मेंहदावल पुलिस ने पांच लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ उमेश उर्फ सोनू पुत्र बेचू निवासी अव्वल केवटलिया को पकड़कर आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीकृत किया। दुधारा पुलिस ने वारंटी अजहरुद्दीन पुत्र रियाजुल्लाह निवासी दशावां को गिरफ्तार किया। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने अवैध चाकू के साथ सोनू पुत्र रमेश निवासी रामलीला मैदान थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर को दबोच कर आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया।

# कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

संतकबीरनगर। मेंहदावल पुलिस ने शनिवार को कच्ची शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया। एसओ जयवर्द्धन सिंह ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान उमेश उर्फ सोनू निवासी अव्वल केवटलिया थाना मेंहदावल के रूप में हुई। उसके कब्जे से पांच लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। पकड़े गए आरोपी पर कार्रवाई की गई। ब्यूरो

# अपहृत किशोरी के साथ आरोपी गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। छह माह पूर्व मेंहदावल क्षेत्र से फुसला कर भगाई गई किशोरी के साथ आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया।

एसओ जयवर्द्धन सिंह ने बताया कि आरोपी रामशंकर 14 फरवरी को क्षेत्र की रहने वाली किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले गया था। उससे दुष्कर्म किया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ किशोरी को बहलाकर भगााने, दुष्कर्म करने और पॉक्सो का केस दर्ज है। सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। किशोरी को महिला आरक्षी की देखरेख में मेडिकल जांच को भेजा गया।

# चाकू के साथ युवक गिरफ्तार, आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई

**संतकबीरनगर।** कोतवाली पुलिस ने शनिवार को चाकू के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया। कोतवाल मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए आरोपी की पहचान सोनू निवासी रामलीला मैदान थाना तिवारीपुर जनपद गोरखपुर के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। ब्यूरो

GONDA POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2021

# शिक्षामित्र व उसके पति के विरुद्ध रिपोर्ट

**वजीरगंज।** गोण्डा में फर्जी तरीके से शिक्षामित्र की नौकरी जालसाजी कर हथियाने वाली महिला शिक्षामित्र व उसके पति के खिलाफ गांव के ही एक व्यक्ति ने डीआईजी के आदेश पर वजीरगंज थाने में कई धाराओं में मामला दर्ज कराया है।

बेलभरिया निवासी सर्वजीत सिंह द्वारा दर्ज रिपोर्ट के मुताबिक एक जुलाई 2000 से प्राथमिक विद्यालय बेलभरिया में कार्यरत शिक्षामित्र व उनका पति गलत अभिलेखों से नौकरी हासिल करने में सफल रहे। प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए डीआईजी ने थानाध्यक्ष वजीरगंज को एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। थानाध्यक्ष वजीरगंज प्रबोध कुमार ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

# सभी लोग शांतिपूर्वक त्योहार मनाएं : सीओ

खोरहंसा | संवाददाता

कोतवाली देहात के खोरहंसा चौकी पर शनिवार को ईद उल अजहा बकरीद व कजरीतीज त्योहार के मद्देनजर क्षेत्राधिकारी सदर लक्ष्मीकांत गौतम की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई। उन्होंने कहा सभी लोग शान्ति के साथ त्योहार मनाएं। खुले में कुर्बानी न करें। किसी चीज का दिखावा न करें। महामारी का दौर चल रहा है। प्रोटोकाल का पालन करें। खुद बीमारियों से बचे और दूसरों को भी बीमारियों से बचाएं। ज्यादा भीड़ वाले स्थानों पर न रुके।

कोतवाल देहात संतोष कुमार तिवारी ने कहा कोई भी व्यक्ति कानून को अपने हाथ में न ले। सभी कानून का पालन करें। उन्होने लोगों से किसी संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर पुलिस की मदद करने की अपील की। चौकी प्रभारी खोरहंसा जितेन्द्र कुमार वर्मा, चौकी प्रभारी दर्जीकुंआं मानेन्द्र सिंह, प्रधान प्रतिनिधि, पुत्तन, ताज, परवेज, सोनू पूरेतिवारी, मौलाना अख्तर रजा, हाफिज जमील, विवेक शुक्ला, अरुण शुक्ला, मौलाना रिजवान, हाफिज शाकिर, कांस्टेबिल राजकिशोर, राहुल यादव, सतेन्द्र यादव, रोहित मौर्य रहे।

**उमरीबेगमगंज संवाद** के अनुसार थाना परिसर में बकरीद पर्व और कांवड़ यात्रा को लेकर शनिवार को पीस कमेटी बैठक हुई। थानाध्यक्ष करूणाकर पांडे, एसआई चंद्रभूषण पांडे, अंकुर वर्मा, वकील सिंह, सुखराम यादव की मौजूदगी रही। थानाध्यक्ष ने कहा कि बकरीद का पर्व शांतिपूर्वक ढंग से घरों में मनाएं। अराजकता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में श्रीकांत पांडे, समरजीत सिंह बौखल, रामकुमार, सुरजीत सिंह, भास्कर सिंह, रमजान, घनश्याम, प्रधान गनी मोहम्मद, प्रधान रामानंद सिंह, प्रधान मोहम्मद अनीस , प्रधान रामभान सिंह, अतुल मिश्रा लिलोईकलां, सलीम, शिवशंकर सिंह, राघव पुजारी, मोहम्मद अनवर, प्रधान शत्रोहन मौर्या रहे।

**वजीरगंज संवाद** के अनुसार थाने में पीस कमेटी की बैठक में थानाध्यक्ष प्रबोध कुमार ने आपसी प्रेम सद्भाव से पर्वों को मनाने पर जोर दिया। एसआई राजेश कनौजिया, अखिलेश यादव, अतीउल्ला, आफाक, मोहम्मद जकी, बिल्लू, गुड्डू सिंह, अनिल सिंह रहे।

## बैठक में निर्देश

- त्योहार से पहले साफ-सफाई के लिए किया जागरूक
- कोविड नियमों के पालन के लिए दी गई हिदायत

करनैलगंज तहसील में डीएम और एसपी ने सुनी फरियादियों की शिकायतें

# चार गैरहाजिर अफसरों को नोटिस

## समाधान दिवस

गोण्डा | संवाददाता

कोरोना संक्रमण नियंत्रित होने के बाद शनिवार को सम्पूर्ण समाधान दिवस करनैलगंज तहसील में हुआ। अध्यक्षता डीएम मार्कण्डेय शाही ने की। वहीं कटराबाजार विधायक बावन सिंह व एसपी संतोष कुमार मिश्रा ने भी फरियादियों की शिकायतें सुनी। समाधान दिवस में गैर हाजिर चार अधिकारियों को नोटिस जारी कर तीन दिनों में जवाब तलब किया है।

करीब तीन माह बाद समाधान दिवस में डीएम ने करनैलगंज में कूटरचित दस्तावेजों के आधार पर शिव नरायण सिंह इन्टर कालेज की मान्यता रद्द करते हुए एफआईआर दर्ज कराने, बुढ़वलिया में खलिहान की भूमि पर अवैध कब्जा करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराकर कब्जामुक्त कराने, रक्सड़िया परसपुर निवासी ननके के पिता रामसरन को विपक्षियों द्वारा गायब कर देने की शिकायत पर एसओ परसपुर को विपक्षियों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराने व बरामदगी के आदेश दिए हैं। शारदा प्रसाद पुत्र भाईलाल निवासी कोनहटा भुलियापुर की डेढ़ वर्षो से सफाईकर्मी द्वारा सफाई कार्य नहीं होने की शिकायत पर सफाईकर्मी के विरुद्ध जांच के आदेश दिए गए हैं। कृपाशंकर सिंह पुत्र मोहम्मदपुर निवासी गढ़वार थाना परसपुर ने शिकायत की उसकी जमीन पर दबंगों द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर लिया गया है। बार-बार प्रार्थनापत्र देने के बाद भी विपक्षी नहीं मान रहे है। डीएम ने थानाध्यक्ष परसपुर व कानूनगो को आदेश दिए कि पीड़ित को उसकी जमीन पर कब्जा दिलाएं तथा यदि विपक्षी न माने तो रिपोर्ट दर्जकर कार्रवाई करें।

परसपुर बेलई नाले का डायवर्जन न हटाए जाने की शिकायत पर एक्सईएन ड्रेनेज खण्ड को शीघ्र ही डायवर्जन हटाकर अवगत कराने को निर्देशित किया। बिना सूचना के गैरहाजिर उपायुक्त उद्योग, एक्सईएन ड्रेनेज खण्ड, एई लघु सिंचाई व एडी मत्स्य को नोटिस भेजा है। वहीं सीडीओ शशांक त्रिपाठी ने तहसील तरबगंज में, एडीएम राकेश सिंह रहे। तहसील मनकापुर व नगर मजिस्ट्रेट वन्दना त्रिवेदी की अध्यक्षता में तहसील सदर में समाधान दिवस हुआ। सदर तहसील में विधायक सदर प्रतीक भूषण सिंह व आईजी देवीपाटन परिक्षेत्र डा. राकेश सिंह ने जन शिकायतें सुनीं। सम्पूर्ण समाधान में एसडीएम सदर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सूरज पटेल, एसडीएम करनैलगंज हीरालाल, सीएमओ डा. आरएस केसरी, सीओ करनैलगंज मुन्ना उपाध्याय, डीडी एग्रीकल्चर मुकुल तिवारी, पीओ डूडा विनोद सिंह, डीएसओ वीके महान आदि रहे।



शनिवार को करनैलगंज तहसील में फरियादियों से शिकायतें सुनते डीएम व एसपी ● हिन्दुस्तान

### गन्ना किसानों का पूरा भुगतान करें

जिला गन्ना अधिकारी को चीनी मिलों से गन्ना किसानों का गन्ना मूल्य भुगतान शीघ्र सुनिश्चित कराने के लिए चीनी, सीरा व प्रेसमड की बिक्री का 90 प्रतिशत अंश गन्ना मूल्य के भुगतान के मद में देने के आदेश दिए। पहले यह प्रतिशत 85 प्रतिशत था जिसे डीएम द्वारा पांच प्रतिशत बढ़ाकर 90 प्रतिशत कर दिया गया है। शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान डीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध ढंग व गुणवत्तापूर्ण हो।

# पति-पत्नी पर जालसाजी का मुकदमा दर्ज

**संवादसूत्र, बालेश्वरगंज :** बेलभरिया निवासी सर्वजीत सिंह ने की गई शिकायत में कहा कि एक जुलाई 2000 से प्राथमिक विद्यालय बेलभरिया में शिक्षामित्र के पद पर गलत तरीके से नौकरी हथिया ली। शिकायत के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई। आइजी डा.राकेश सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए थानाध्यक्ष वजीरगंज को मुकदमा करने का निर्देश दिया। थानाध्यक्ष वजीरगंज प्रबोध कुमार ने बताया कि आइजी के आदेश पर महिला शिक्षामित्र व उसके पति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा कर जांच की जा रही है।

# शिव नरायन सिंह इंटर कालेज पर कार्रवाई

## कूटरचित दस्तावेज के आधार पर मान्यता लेने की जांच में पुष्टि एफआइआर के आदेश

**जागरण टीम, गोंडा :** दोपहर के करीब 12 बजे रहे थे। सदर तहसील सभागार में नगर मजिस्ट्रेट वंदना त्रिवेदी व एसडीएम सदर सूरज पटेल जनशिकायतों की सुनवाई कर रहे थे। थोड़ी देर बाद आइजी डा. राकेश सिंह भी पहुंच गए।

उन्होंने पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सुनवाई की और सीओ और एसओ को जनशिकायतों का निस्तारण समय से करने के निर्देश गए। आइजी ने तालाब में डूबकर मृत हुए व्यक्ति के आश्रितों को चार लाख रुपये की सहायता राशि का चेक भी सौंपा। थोड़ी देर बाद सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह भी पहुंच गए।

**भंभुआ :** कर्नलगंज में आयोजित जिला स्तरीय संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता डीएम मार्कण्डेय शाही ने की। विधायक बावन सिंह व एसपी एसके मिश्र ने भी जनशिकायतों की सुनवाई की। बिना सूचना के गैरहाजिर मिलने पर डीएम ने



कर्नलगंज तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में जनसुनवाई करते डीएम मार्कण्डेय शाही व एसपी संतोष कुमार मिश्र ● जागरण

उपायुक्त उद्योग, अधिशासी अभियंता सरयू ड्रेनेज खंड, सहायक अभियंता लघु सिंचाई व सहायक निदेशक मत्स्य से स्पष्टीकरण तलब किया है। शिकायत मिलने पर रजिस्ट्रार कानूनगो वृजनंदन वर्मा का तबादला तरबगंज तहसील में करने के आदेश दिए गए। कर्नलगंज में शिवनरायन सिंह इंटर कॉलेज की मान्यता कूटरचित अभिलेख के आधार पर लेने की जानकारी मिलने पर संबंधित स्कूल की मान्यता रद करने के साथ ही स्कूल प्रबंधन के खिलाफ एफआइआर के आदेश दिए गए। बुढ़वलिया में खलिहान की जमीन खाली कराने के साथ ही अवैध कब्जेदार के खिलाफ एफआइआर कराने, रेक्सड़िया निवासी ननके के

### संपूर्ण समाधान दिवस में बिना सूचना गैरहाजिर मिले चार अफसरों से स्पष्टीकरण तलब रजिस्ट्रार कानूनगो का तबादला

अपरहण के मामल में आरोपियों पर मुकदमा करने का आदेश एसओ परसपुर को दिया गया।

कोनहटा के शारदा प्रसाद ने डेढ़ वर्ष से गांव में सफाई कर्मचारी के आने की शिकायत दर्ज कराई। डीपीआरओ को कार्रवाई के आदेश दिए गए। परसपुर बेलई नाले की समस्या का समाधान कराने के निर्देश दिए गए। मनकापुर में एडीएम राकेश सिंह ने जनशिकायतों की सुनवाई की। तरबगंज में सीडीओ शशांक त्रिपाठी ने जनशिकायतों की सुनवाई करके संबंधित को निस्तारण के निर्देश दिए।

**अपने जिले और प्रदेश की अन्य खबरें पढ़ें www.jagran.com/state/uttar-pradesh पर**

# दो चोर गिरफ्तार

**नवाबगंज:** नवाबगंज-मनकापुर मार्ग स्थित यूपीपीसीएल प्लांट सिरसा पर बीती रात दो चोर घुस आए। बिजली की प्लेटों पर हाथ साफ कर रहे थे।चौकीदार ने चोरों को घेर कर पकड़ लिया। एसआइ सुनील कुमार ने बताया कि प्रदीप सिंह उर्फ दुर्गेश निवासी रामघाट अयोध्या और सदाप्रकाश उर्फ मंटू पूराबाजार थाना महाराजगंज अयोध्या को कार्रवाई कर जेल भेजा गया है। (संसू)

**युवक गिरफ्तार : गोंडा:** खरगूपुर थाने के उपनिरीक्षक दिवाकर मिश्र ने बनघुसरा निवासी रामपाल को गिरफ्तार किया है। इनके पास से 160 नशीली गोली बरामद की है। (संसू)

# थाना परिसर में लगाए गए अशोक के पौधे

**इटियाथोक(गोंडा)।** थाना इटियाथोक परिसर में शनिवार को पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मीडिया से जुड़े लोगों ने अशोक के एक-एक पौधे रोपित किए। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार दुबे ने कहा कि वृक्षों से बहुत सारी औषधियां तैयार होती हैं। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि शीघ्र ही इटियाथोक बाजार में छायादार पौधे रोपित किए जाएंगे। संवाद

थ
इटि
कार्य
अशो
कह
कि

# टावर प्लांट से प्लेटों की चोरी में दो लोग गिरफ्तार

**नवाबगंज (गोंडा)।** टावर प्लांट से प्लेटों की चोरी करते पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार किया है। थाने के उपनिरीक्षक सुनील कुमार ने बताया कि सिरसा गांव में लगे यूपीपीसीएल के टावर प्लांट से शनिवार की सुबह प्लेटों की चोरी कर दो लोग जा रहे थे। गश्त से वापस आ रही पुलिस को शक होने पर उन्हें रोक कर तलाशी ली गई तो दोनों लोगों के पास से बिजली टावर के दो बड़ी बड़ी व वजनदार प्लेटें बरामद हुई। पूछने पर सही जवाब न दे पाने से उन्हें थाने पर लाकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना नाम प्रदीप सिंह उर्फ दुर्गेश निवासी रामघाट कोतवाली अयोध्या तथा दूसरे नें अपना नाम सदा प्रकाश उर्फ मंटू निवासी पूरा बाजार थाना महराजगंज जिला अयोध्या बताया। संवाद

# आपदा प्रभावितों को प्राथमिकता पर दें मदद

## सदर एसडीएम की नई पहल से मिलेगी राहत, खुद कर रहे मॉनीटरिंग

संवाद न्यूज एजेंसी

**गोंडा**। आग हो, चक्रवात हो या फिर किसी तरह की आपदा। इससे पीड़ित लोगों को राहत दिन के लिए तहसील सदर के ज्वाइंटर मजिस्ट्रेट आईएएस सूरज पटेल ने नई पहल शुरुआत की है। आपदा से जुड़े मामलों की समीक्षा करके आर्थिक मदद का बीड़ा उठाया है। शनिवार तहसील दिवस में जन सुनवाई के बाद उन्होंने राहत देने के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पुलिस महानिरीक्षक डॉ. राकेश सिंह के हाथों से तालाब में डूबने से मृतक के आश्रित को चार लाख रुपये का चेक दिलाया। सदर विधायक प्रतीक भूषण सिंह की मांग पर तहसील सदर में अग्निकांड के प्रभावित परिजनों को आवास योजना का लाभ दिलाने के लिए सूची विकास विभाग को भेजी है।

तहसील में नए आईएएस अधिकारी सूरज पटेल ने आपदा पीड़ित लोगों को राहत देने का मिशन शुरू किया है जोकि किसी आपदा के शिकार हुए हैं। उन्होंने बैजपुर गांव के रामफेर को चार लाख की राहत सहायता उपलब्ध कराई। आईजी के हाथों आर्थिक मदद दिलाया और लाभार्थी रामफेर से कहाकि धनराशि का सदुपयोग करें। लाभार्थी के पिता की तालाब में डूबने से मौत हो गई थी। उन्होंने सदर तहसील के पांचों ब्लाक के दो सौ से अधिक ऐसे गरीबों की सूची तैयार कराई है जिनके घर अग्निकांड में जल गए हैं।

एसडीएम का मानना है कि ऐसे लोगों को आवास योजनाओं से जोड़ा जाना चाहिए। तहसील के लेखपालों को निर्देश दिया है कि आपदा से प्रभावितों की सूचना तत्काल दें और इसकी रोज जानकारी वह स्वयं करेंगे। जिससे समय से राहत दी जा सके। एसडीएम की इस पहल से तहसील के पात्रों के चेहरे पर मुस्कान आएगी। कार्यक्रम में नगर मजिस्ट्रेट वंदना त्रिवेदी, सीओ लक्ष्मीकांत गौतम, तहसीलदार पुष्कर मिश्रा, निजी सचिव वीरेंद्र बहादुर आदि रहे।



गोंडा सदर तहसील में तालाब में डूबने से मृतक के परिजन को आर्थिक सहायता देते आईजी व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट सूरज पटेल। संवाद

# BALRAMPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2021

कोरोना की दूसरी लहर के बाद शनिवार को तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ

# दहेज पीड़िता की गुहार पर डीएम ने एफआईआर के आदेश दिए

## सम्पूर्ण समाधान दिवस

बलरामपुर | संवाददाता

दहेज के लिए प्रताड़ित की गई रीना ने जिला स्तरीय सम्पूर्ण समाधान दिवस में जिलाधिकारी श्रुति से गुहार लगाते हुए कहा कि दहेज कम मिलने के कारण उसके पति ने उसका परित्याग कर दिया है। जिस पर डीएम ने कोतवाल को तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने का आदेश दिया।

वहीं नगर के मोहल्ला नई बस्ती में जर्जर तारों से हो रही विद्युत आपूर्ति के संबंध में शिकायत होने पर डीएम ने बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को पुराने तारों को हटाकर नई लाइन लगाने के निर्देश दिए। कोरोना की दूसरी लहर के बाद से सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन नहीं हो रहे थे। लम्बे अरसे बाद शनिवार को जिले की तीनों तहसीलों में समाधान दिवस का आयोजन किया गया, जिसमें 90 शिकायतें आईं और मौके पर 12 का निस्तारण किया गया। अन्य के लिए सम्बन्धित विभागों को निर्देशित कर दिया गया है। डीएम श्रुति की अध्यक्षता में सदर तहसील में आयोजित जिला स्तरीय तहसील दिवस में पीड़िता रीना ने बताया कि उसकी शादी छह साल पहले थाना हर्रैया के ग्राम शिकारीपुरवा निवासी ओम प्रकाश के साथ हुई थी। शादी के बाद उसके पति व सास, ससुर ने कम दहेजके लिए ताने मारना शुरू कर दिया। आरोप लगाया कि दहेज में पांच लाख रुपए की मांग ससुराल वाले कर रहे हैं। दहेज न दे पाने के कारण रीना व उसकी चार साल की बेटी को घर से निकाल दिया है। पीड़िता ने इसकी शिकायत कई बार महिला थाना, पुलिस अधीक्षक एवं आईजीआरएस पोर्टल पर की, लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। रीना की शिकायत पर डीएम ने कोतवाल देहात को प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। नाली, चकमार्ग व अन्य सार्वजनिक भूमि पर किए गए अवैध कब्जे को हटाने की बात राजस्व अधिकारियों से कही। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि पात्रों को योजनाओं का लाभ दिलाया जाए। सदर तहसील में कुल 28 शिकायती प्रार्थना पत्र आए, जिसमें से मौके पर पांच का निस्तारण हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल, एसडीएम सदर अरुण कुमार गौड़, सीओ राधारमण सिंह, परियोजना अधिकारी डीआरडीए अनिल सिंह व तहसीलदार शेखआलम गीर सहित अन्य अधिकारीगण मौजूद थे।

## कई मामलों की सुनवाई

- तीनों तहसीलों में 90 शिकायतें आई, जिनमें से मौके पर 12 का निस्तारण किया गया
- पुराने तारों को हटाकर नई बिजली लाइन लगाने का डीएम ने निर्देश दिया



सदर तहसील में फरियादियों की शिकायतें सुनतीं जिलाधिकारी, एसपी व अन्य।

## तुलसीपुर में सीडीओ ने शिकायतें सुनीं

तुलसीपुर तहसील में सीडीओ रिया केजरीवाल ने शिकायतें सुनी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण ढंग से कराया जाए। संपूर्ण समाधान दिवस में कुल 32 शिकायतें आई। जिसमें से मौके पर तीन का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों का निस्तारण तीन दिवस के भीतर करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर एसडीएम तुलसीपुर विनोद कुमार सिंह व तहसीलदार गोपाल त्रिपाठी सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## उतरौला में तीस मामले आए चार का निपटारा

उतरौला में अध्यक्षता अपर जिलाधिकारी अरुण कुमार शुक्ला ने की। तहसील दिवस में आए 30 प्रार्थना पत्रों में चार का निस्तारण मौके पर कर दिया गया। शेष प्रार्थना पत्रों को विभागीय अधिकारियों को निस्तारण के लिए भेज दिया। राजस्व विभाग से 15, पुलिस विभाग से छह, विकास विभाग से तीन, आपूर्ति विभाग व नपाप से दो-दो, रोडवेज व प्रोबेशन विभाग से एक-एक प्रार्थना पत्र आए। दो मामलों में एडीएम ने एसडीएम को कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई का आदेश दिया।

# शांतिपूर्ण त्योहार निपटाने को प्रशासन ने कसी कमर

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** ईद-उल-जुहा, श्रावण मास में शिव मंदिरों पर जलाभिषेक एवं कावड़ यात्रा को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में केंद्रीय शांति समिति की बैठक हुई। इसमें विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए संभ्रांतजन से सुझाव लेकर उनकी समस्याएं सुनी गईं।

नगर पालिका बलरामपुर अध्यक्ष प्रतिनिधि शाबान अली ने कहाकि बकरीद को देखते हुए शहरी क्षेत्र में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित कर ली गई है। खुले स्थान पर कुर्बानी नहीं दी जाएगी। कुर्बानी देने के बाद अवशेषों को डोर टू डोर कलेक्शन किया जाएगा। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि मस्जिदों में कोविड-19 प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए नमाज अदा की जाएगी। कांवड़ यात्रा के मार्ग का निरीक्षण व साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी थानाध्यक्षों को निर्देश दिया गया।

त्योहार के दौरान माहौल बिगाड़ने वालों के खिलाड़ी कड़ी कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहाकि कोविड-19 की संभावित तीसरी लहर के दृष्टिगत यह बहुत जरूरी है कि सभी लोग एहतियात के साथ त्योहार मनाएं। जनपद का गंगा-जामुनी इतिहास रहा है। कोई भी ऐसा कार्य न करें, जिससे जिले का नाम खराब हो। उपजिलाधिकारी सदर अरुण कुमार गौड़, क्षेत्राधिकारी राधारमण सिंह, तहसीलदार शेख आलमगीर मौजूद रहे।

# साइबर अपराधियों से आमजन को सचेत रहने की अपील

**संवादसूत्र, बलरामपुर :** साइबर अपराधों से संबंधित घटनाएं बढ़ रहीं हैं। साइबर ठगों के जाल में फंसने से बचने के लिए पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल ने आम जनमानस से सजग रहने की अपील की है। एसपी ने कहाकि साइबर अपराधियों का जाल तेजी से फैल रहा है। इनके झांसे में आकर निरक्षर ही नहीं बल्कि पढ़े-लिखे लोग भी ठगी का शिकार हो रहे हैं। कहाकि इंटरनेट कॉल के जरिए लोगों से बैंक की जानकारी मांगी जाती है। इसे साझा न करें। एसएमएस या वाट्सएप से प्राप्त कोई भी लिंक न खोलें। बैंक खाता में कोई भी अपडेट करनी हो,तो शाखा में ही जाएं। कहाकि यथासंभव उसी एटीएम का प्रयोग करना चाहिए जहां गार्ड मौजूद हों।

# सामाजिक सौहार्द्र बिगाड़ने वालों पर होगी कार्रवाई

**बलरामपुर।** बकरीद त्यौहार एवं श्रावण मास में शिव मंदिरों पर जलाभिषेक व कांवड यात्रा को सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने में सहयोग करें। बकरीद की नमाज मस्जिदों में कोविड प्रोटोकाल के तहत अदा की जाए। खुले स्थानों पर कुर्बानी कदापि न की जाए। बचे हुए अवशेषों को नगर पालिका द्वारा डोर-टू-डोर कलेक्शन किया जाएगा। बकरीद व कावंड यात्रा के दौरान जिले में सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सदर तहसील सभागार में सेंट्रल पीस कमेटी की अध्यक्षता करते हुए डीएम श्रुति ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए प्रबुद्धजनों से त्यौहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के लिए सुझाव लिए और समस्याएं सुनी। नगर पालिका बलरामपुर चेयरमैन प्रतिनिधि शाबान अली ने बताया कि बकरीद त्यौहार को देखते हुए शहरी क्षेत्र में साफ सफाई की समुचित व्यवस्था कर ली गई है। बकरीद के दिन खुले स्थान पर कुर्बानी नहीं दी जाएगी। कुर्बानी के बाद बचे हुए अवशेषों को घरों से इकट्ठा कर लिया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक हेमंत कुटियाल ने कहा कि मस्जिदों में कोविड 19 प्रोटोकाल का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए नमाज अदा की जाएगी। (संवाद)

# अराजकता फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई

**हरैया सतघरवा।** स्थानीय थाना परिसर में बीते दिन बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक की गई। सीओ ललिया आरआर सिंह ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की। अराजकता फैलाने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई। प्रभारी निरीक्षक हरैया थाना सत्येंद्र बहादुर सिंह ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर एसआई कृष्णा नंद पांडेय, जितेंद्र कुमार, सुभाष विश्वकर्मा, पंकज सिंह, अतुल प्रताप सिंह, कलीम खान, केपी शुक्ल, पप्पू जायसवाल व विनय मिश्र आदि मौजूद रहे। संवाद

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2021

## एनसीआर को लेकर काटा बवाल

**बहराइच।** रामगांव थाने के राघवजोत गांव में कोयली ने एनसीआर दर्ज कराई थी। इसी को लेकर राजा राम पुत्र नरेश गांव में बवाल काट रहा था। उपनिरीक्षक अमित सिंह व रिक्रूट सिपाही ध्रुव सिंह ने दबिश देकर राजाराम को शांति भंग में गिरफ्तार किया। उसे एसडीएम कोर्ट पर पेश किया गया है।

## नकबजनी कर चोरी मामले में केस

**बलहा।** नानपारा कोतवाली के जूड़ा गांव में रविवार रात पन्ना लाल के मकान की पक्की दीवार में सेंध लगाकर लगभग पांच हजार नकदी, सोने चांदी के जेवरात सहित लाखों की सम्पत्ति चोरी कर ली गई थी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने चोरी की धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। किसी को नामजद नहीं किया गया है।

# पर्व पर किसी की भावनाएं आहत न करें

**सख्ती**

बहराइच | **संवाददाता**

**बैठक**

- डीएम व एसपी ने भाईचारे के साथ त्यौहारों को मनाने की अपील की
- हिदायत दी, त्यौहार में खलल डालने पर कड़ी कार्रवाई होगी

पर्वों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने के मद्देनजर शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक हुई। जिसमें डीएम व एसपी ने कहा कि कोई भी त्यौहार व कार्यक्रमों के दौरान ऐसा न करें कि दूसरों की भावनाएं आहत हों। उन्होंने प्रशासन की ओर से सुरक्षा व सफाई को लेकर की जा रही तैयारियों का भी जायजा लिया, और अफसरों को जरूरी निर्देश भी दिए।

जिलाधिकारी ने सभी को आश्वस्त किया कि बकरीद, श्रावण मास, मोहर्रम आदि के मौके पर साफ-सफाई, बिजली, पानी, सड़क आदि को लेकर जो अहम सुझाव मिले हैं, उसका समय से निराकरण कराया जाएगा। पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह ने कहा कि जिले की पुरानी परम्परा को कायम रखते हुए अपनी जिम्मेदारी को निभाएं। सभी लोग एक दूसरे की भावनाओं का ध्यान रखते हुए इस प्रकार से त्यौहारों को मनाएं, जिससे किसी दूसरे की भावनाएं आहत न हों। त्यौहार को परम्परागत ढंग से मनाया जाय। अफवाहों पर कतई ध्यान न दें। उन्होंने हिदायत भी दी कि माहौल को खराब करने वालों के खिलाफ कठोर कार्यवाही की जाएगी।

### नागरिकों ने दिए अहम सुझाव

बैठक के दौरान सम्भ्रांत लोगों ने प्रशासन को अहम सुझाव दिए। डॉ. मोहम्मद आलम सरहदी, निशाँ शर्मा, कारी जुबेर अहमद, रूमी मियां, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष तेजे खां, नगर पंचायत रिसिया के अध्यक्ष महमूद अहमद, लड्डन नेता, सैय्यद कल्बे अब्बास, इनायत उल्लाह कासमी, पिन्टू गुप्ता नवाबगंज, जगतराम पटेल, इरफान रायनी आदि की ओर से बिजली, पानी, साफ-सफाई को लेकर जरूरी सुझाव दिए गए।

# चाकू के साथ एक गिरफ्तार

**बहराइच।** जरवलरोड थाने के दरोगा अनिल कुमार, सिपाही दिग्विजय यादव ने शुक्रवार की आधी रात में जरवल कस्बे में एक संदिग्ध युवक को पकड़ा। तलाशी में उसके पास एक चाकू बरामद किया गया। उसकी पहचान इसी थाने के मोहल्ले सरांय निवासी रियाज के रूप में हुई। गिरफ्तार आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

# गुड़िया हत्याकांड में सास ससुर गिरफ्तार

**बहराइच।** जरवलरोड थाने की पुलिस ने गुड़िया हत्याकांड में नामजद सास ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इस मामले में मृतका के मायके वालों ने केस दर्ज कराया था। जरवल रोड थाने में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह, सिपाही अखिलेश पासवान, महिला सिपाही अश्विनी पाठक ने शनिवार को हसना गांव में दबिश देकर सुरेश पांडेय उर्फ उमेश पांडेय व उसकी पत्नी सुधा को गिरफ्तार कर लिया।

एसपी सुजाता सिंह ने बताया कि इसी माह 14 जुलाई को हसना निवासनी गुड़िया पत्नी कमलेश की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। इस मामले में मृतका के मायके वालों ने हत्या व साक्ष्य छिपाने की धाराओं में केस दर्ज कराया था। गुड़िया के पति की तीन वर्ष पूर्व सड़क हादसे में मौत हो गई थी। गुड़िया के पेट में पथरी की बीमारी थी। उसे सास ससुर प्रताड़ित करते थे।

# ड्रग्स सप्लाई करने वाले छह तस्कर दबोचे, तीन बहराइच के

लखनऊ | **मुख्य संवाददाता**

एसटीएफ ने शनिवार को लखनऊ की नाइट पार्टियों में मेथाडोन ड्रग्स की सप्लाई करने वाले छह तस्करों को खुर्रमनगर में पिकनिक स्पॉट तिराहे के पास गिरफ्तार किया। इनके पास करीब ढाई किग्रा. ड्रग्स बरामद हुई जिसकी कीमत ढाई करोड़ रुपये बतायी जा रही है। इस गिरोह ने लखनऊ के अलावा दिल्ली, मुम्बई, गुड़गांव व अहमदाबाद में भी ये ड्रग्स सप्लाई की है। एसटीएफ पहले भी इस गिरोह के कई लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। दावा किया जा रहा है कि इस गिरोह में दो दर्जन से अधिक लोग हैं। तस्करों में तीन अयोध्या व तीन बहराइच के हैं।

**नेपाल के रास्ते कर रहे थे तस्करीः** एसटीएफ के एडीजी अमिताभ यश के मुताबिक पकड़े गये तस्करों में अयोध्या, रौनाही के मो. कयूम, गुलाब खान, शहंशाह व बहराइच के रामगांव निवासी

## शिकंजा

- एसटीएफ ने अयोध्या व बहराइच के इन तस्करों को पकड़ा
- गिरोह में दो दर्जन से ज्यादा सदस्य ढाई करोड़ की ड्रग्स बरामद

सद्दाम हुसैन उर्फ रईश, नफीस अहमद और रियाज अली शामिल हैं।

एसटीएफ को कई दिनों से सूचना मिल रही थी कि कुछ लोग नेपाल के रास्ते भारत में मेथाडोन ड्रग्स की तस्करी कर रहे हैं। इसके बाद ही इन्हें पकड़ लिया गया। एसटीएफ के डिप्टी एसपी धर्मेश शाही ने बताया कि कयूम 15 साल से बहराइच व आस पास मादक पदार्थ की तस्करी कर रहा था। वहां पुलिस की निगाह में आ गया तो रौनाही रहने लगा। यहां वह नेपाल के रास्ते मेथाडोन ड्रग्स की तस्करी करने लगा।

# डीएम ने सुनीं लोगों की समस्याएं मौके पर ही किया निस्तारण

## संपूर्ण समाधान दिवस पर कराया अन्नप्राशन तथा गोदभराई

**संसू, बहराइच:** तहसील पयागपुर में संपूर्ण समाधान दिवस पर जिलाधिकारी डा. दिनेश चंद्र, पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह, मुख्य विकास अधिकारी कविता मीना, उप जिलाधिकारी कीर्तिप्रकाश भारती व अन्य अधिकारियों ने समस्याओं को गंभीरता से सुना। शिक्षा, महिला हेल्प लाइन, बाल विकास एवं पुष्टाहार, पूर्ति, स्वास्थ्य, विकास विभाग की ओर से स्टाल लगाए गए। जहां विभागीय योजनाओं के बारे में जानकारी प्रदान की गई। टीकाकरण को प्रेरित करने के लिए रंगोली भी बनाई गई थी।

बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के स्टाल के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी ने पूनम, उर्मिला, बेबी, सुबीना, दीपिका, मीना व प्रमिला की गोदभराई तथा गंगोत्री, जासमीन व गुड़िया का अन्नप्रासन कराया। डीएम ने प्राप्त



पयागपुर में समाधान दिवस में लाभार्थी को खतौनी देते डीएम डा. दिनेश चंद्र ● जागरण

35 में से 04 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया। उप जिलाधिकारियों की अध्यक्षता में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में नानपारा में प्राप्त 22 में से 02, तहसील सदर में प्राप्त 19 में से 02, कैसरगंज में प्राप्त 12 में से 02, महसी में प्राप्त 13 में से 03 तथा तहसील मिहींपुरवा में प्राप्त 12 में से 02 प्रार्थना-पत्रों का निस्तारण मौके पर किया गया। संपूर्ण समाधान के अवसर पर मृतक वारिसान को खतौनी वितरण किया। इस दौरान सीएमओ डा. राजेश मोहन श्रीवास्तव, डीडीओ राजेश कुमार मिश्र, पीडी डीआरडीए अनिल कुमार सिंह, सीवीओ डा. बलवन्त सिंह, जिला कृषि अधिकारी सतीश कुमार पांडेय, डीएचओ पारसनाथ, डीसीओ शैलेश कुमार मौर्य, डिप्टी आरएमओ संजीव कुमार सिंह मौजूद रहे।

# जिलाबदर अपराधी चला रहा था विदेशी मदिरा की दुकान, निरस्त

**संसू, बहराइच :** शासन ने आपराधिक छवि वाले लोगों को शराब लाइसेंस न दिए जाने के सख्त निर्देश दिए हैं। इसे गंभीरता से लेकर डीएम डा. दिनेश चंद्र के निर्देश पर कारोबारी के चरित्र सत्यापन से लेकर उनके आपराधिक इतिहास को खंगाला जा रहा है। जिन्होंने साक्ष्यों को छिपाकर दुकान हासिल कर ली है, उन्हें चिह्नित कर आबकारी विभाग कार्रवाई कर रहा है।

चित्तौरा ब्लाक में इस तरह का मामला सामने आया है। जिला आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लवानिया ने बताया कि भेड़हिया में राकेश कुमार निगम के नाम से अंग्रेजी शराब की दुकान संचालित है। उन्होंने बताया कि हाल ही में लाइसेंस धारकों का चरित्र सत्यापन कराया गया। इसमें राकेश का पुलिस चरित्र प्रमाण पत्र नहीं बन सका। नोटिस जारी करने के बावजूद उन्होंने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। राकेश निगम के खिलाफ विभिन्न गंभीर धाराओं के साथ आबकारी अधिनियम में मुकदमे दर्ज हैं। ज्यादातर मुकदमों में पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट लगाई है।

## आबकारी विभाग की जांच में राजफाश होने के बाद हुई कार्रवाई, छह माह के लिएकिया गया है जिला बदर

जिलाधिकारी न्यायालय द्वारा राकेश को छह माह के लिए जिला बदर भी किया गया है। इसका संज्ञान लेते हुए दुकान का लाइसेंस निरस्तीकरण के लिए डीएम को पत्र भेजा गया। डीएम ने दुकान आवंटन के समय झूठा शपथ पत्र देने को लेकर लाइसेंस निरस्त करने की स्वीकृति दी। इस पर दुकान का लाइसेंस निरस्त कर दिया गया है।

कारनामा — शपथपत्र पर हो रहा था सारा खेल, डीएम ने निरस्त किया लाइसेंस

# जिला बदर चला रहा था शराब की दुकान

संवाद न्यूज एजेंसी

**बहराइच।** रिसिया थाना क्षेत्र भेड़हिया गांव की अंग्रेजी शराब की दुकान का लाइसेंस महज शपथपत्र पर चल रहा था। मामला जिलाधिकारी के न्यायालय पहुंचा तो पोल खुली। हालांकि, डीएम ने गंभीरता से लेते हुए भेड़हिया गांव में अंग्रेजी शराब की दुकान का लाइसेंस निरस्त करने का आदेश देकर आबकारी विभाग को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

रिसिया थानाक्षेत्र के भेड़हिया गांव में अंग्रेजी शराब की दुकान का लाइसेंस वर्ष 2018-19 में ई लॉटरी के माध्यम से राकेश निगम के नाम आबकारी विभाग की ओर से जारी किया गया था, लेकिन लाइसेंसी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत होने के साथ न्यायालय द्वारा 6 माह के लिए जिला बदर भी किया गया था। इस कारण उसका जिलाधिकारी कार्यालय से चरित्र प्रमाणपत्र नहीं निर्गत हो सका था। लाइसेंस जारी होने के बाद आबकारी विभाग की ओर से कई बार नोटिस दिए जाने के बाद भी चरित्र प्रमाणपत्र नहीं जमा किया गया। वह दुकान का संचालन विभाग की ओर से जारी नोटिस के बाद महज शपथपत्र के आधार पर कर रहा था। मामला जब डीएम के न्यायालय में पहुंचा तो 12 जुलाई को सुनवाई के दौरान डीएम ने लाइसेंस निरस्त करने का आदेश दे दिया। साथ ही वार्षिक लाइसेंस फीस व प्रतिभूति की धनराशि सरकार के पक्ष में समाहित करने का निर्देश भी दिया। जिला आबकारी अधिकारी प्रगल्भ लवानिया ने बताया कि डीएम के निर्देश का पालन हो गया गया।

डीईओ लवानिया ने बताया कि डीएम ने जिले की देशी व मॉडल शॉप में प्लास्टिक के गिलास व शीशियों के प्रयोग पर पूरी तरह रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। अंग्रेजी व बीयर की दुकानों पर ऐसे गिलास आदि रखने पर पहले से ही प्रतिबंध है।

## लक्कड़ शाह की मजार पर दुकान लगाते 13 गिरफ्तार

**बहराइच।** मुर्तिहा रेंज स्थित लक्कड़ शाह की मजार पर रोक के बावजूद साप्ताहिक मेला लग रहा था। इसमें लोगों की भीड़ उमड़ रही थी। इसकी जानकारी मिलने पर वन विभाग ने कार्रवाई करते हुए 13 दुकान संचालकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। कतर्नियाघाट संरक्षित वन क्षेत्र के मुर्तिहा रेंज में लक्कड़ शाह बाबा की मजार है। यहां दूरदराज के जायरीन जियारत के लिए आते हैं, लेकिन जंगल क्षेत्र में अतिक्रमण का दायरा बढ़ता जा रहा है। इसको लेकर वन विभाग ने दुकानदारों को दुकान लगाने से रोक दिया था। साथ ही जायरीन के आने पर प्रतिबंध लगा दिया था। इसके जायरीन पहुंच रहे हैं। क्षेत्रीय लोग दुकानों का संचालन भी कर रहे हैं। प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप बधावन ने बताया कि वन क्षेत्राधिकारी ने टीम के साथ मौके पर पहुंचकर छापा मारा। जंगल क्षेत्र में दुकान संचालित करने वाले 13 लोगों को जेल भेज दिया गया है। (संवाद)

# सैनिटाइजेशन के बाद हुई सुनवाई

## ढाई महीने बाद फिर शुरू हुआ संपूर्ण समाधान दिवस, 15 शिकायतों का मौके पर निस्तारण

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**बहराइच।** कोरोना काल की दूसरी लहर कम होने पर ढाई महीने बाद एक बार फिर से आम जनमानस की समस्याओं को सुनकर तत्काल निस्तारण के लिए सरकार के निर्देश पर माह के तीसरे शनिवार को संपूर्ण समाधान दिवस शुरू हुआ। अधिकारियों ने कोरोना सोशल डिस्टेंसिंग का पालन कराते हुए और संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाले प्रार्थना पत्रों को सैनिटाइज कराने के बाद शिकायतें सुनीं। डीएम, एसपी व सीडीओ ने पयागपुर तहसील में अध्यक्षता कर फरियादियों की समस्याएं सुनीं और निस्तारण करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस में 15 फरियादियों को तत्काल न्याय दिलाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लौटाई।

आमजन की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के लिए प्रत्येक माह के पहले व तीसरे शनिवार को आयोजित होने वाले संपूर्ण समाधान दिवस का शुभारंभ हुआ। जनसुनवाई परिसर का माहौल बिल्कुल अ[illegible] रहा। परिसर में प्रवेश करने से पहले फरियादियों व उनके प्रार्थना पत्रों को सैनिटाइज कराया गया। पयागपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र, एसपी सुजाता सिंह ने की।

इस दौरान सीडीओ कविता मीना व पयागपुर एसडीएम कीर्ति प्रकाश भारती ने आए हुए फरियादियों की समस्याओं की गंभीरतापूर्वक सुनवाई की। निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिले में आयोजित संपूर्ण दिवस में 113 प्रार्थना पत्र आएं। जिनमें 15 प्रार्थना पत्रों की शिकायत पर तत्काल निस्तारण कर दिया गया। अन्य फरियादियों की शिकायत के निस्तारण के लिए डीएम ने टीमें गठित कर न्याय दिलाने का भरोसा दिलाया है।



पयागपुर तहसील में समाधान दिवस में बच्चों का अन्नप्राशन करते जिलाधिकारी। - संवाद



सदर तहसील में शनिवार को समाधान दिवस में मौजूद एसडीएम व अन्य। - संवाद

### फरियादी बोले- साहब! अधिकारी सुनते ही नहीं



बलदेव पांडेय।



कृष्णदेव।



श्रीकांत।



रूपरानी।

पयागपुर तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में सतरही गांव के प्रधान श्रीकांत यादव पहुंचे और अपनी पीड़ा बताते हुए कहा कि साहब मैं गांव का प्रधान हूं। गांव में तार टूटा हुआ है। कर्मचारी से लेकर अधिकारी तक को समस्या बता चुका हूं, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही। फरियादी कृष्णदेव, रूपरानी व बलदेव पांडेय ने बताया कि कई बार न्याय के लिए भटक चुका हूं, लेकिन कोई सुनने को तैयार नहीं। फरियादियों ने न्याय की गुहार लगाई है।

" संपूर्ण समाधान दिवस में आने वाले सभी फरियादियों की समस्याएं सुनी गई है। कई फरियादियों का मौके पर निस्तारण कर दिया। जो फरियादी के मामले बचे हुए है। टीम गठित कर जांच के बाद कार्रवाई के निर्देश दिए गए है। सभी को न्याय मिलेगा। फरियादियों को न्याय दिलाना ही मेरी प्राथमिकता है। -**डॉ. दिनेश चंद्र**, डीएम, बहराइच

# एसपी बोलीं - घबराओ नहीं, बहन समझकर बताओ अपनी समस्या

**बहराइच।** एसपी शुक्रवार देर शाम अचानक हरदी थाने पहुंच गईं। थाने पर एक महिला फरियादी अपनी समस्या थानाध्यक्ष को बता रही थी तभी एसओ ने एसपी को जय हिंद करते हुए सलामी दी। एसओ के चेहरे पर घबराहट देखकर पीड़िता भी घबरा गई, लेकिन तब तक एसपी पूरे माजरे को समझ चुकीं थीं। एसपी ने पीड़िता के कंधे पर हाथ रखकर हिम्मत बंधाई और कहा, आप मुझे बहन समझकर समस्या बताओ। निस्तारण किया जाएगा।



महिला की शिकायत सुनतीं एसपी। -संवाद

जिले में थानों पर तैनात थानाध्यक्षों की कार्यशैली चेक करने के लिए एसपी सुजाता सिंह थानों का औचक निरीक्षण कर थानाध्यक्षों के कार्यों से रूबरू हो रही हैं। शुक्रवार को भी एसपी हरदी थाने का औचक निरीक्षण करने पहुंच गईं। एसपी को थाने में अचानक देखकर सभी पुलिसकर्मियों के होश उड़ गए। एसपी ने बंदी गृह, थाना परिसर की साफ-सफाई व कार्यालय में रखे अभिलेखों के रखरखाव का निरीक्षण किया। एसपी ने थानाध्यक्ष को सख्त निर्देश दिया कि थानों में आने वाले फरियादियों के सम्मान में कोई कमी नहीं होनी चाहिए। महिला फरियादियों की समस्याओं को प्राथमिकता से सुनकर निस्तारण किया जाए। एसपी के निर्देश पर थाने में आए फरियादियों के चेहरे पर मुस्कान आ गई। संवाद

SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 18-07-2021

# दहेज हत्या के आरोपी सास, ससुर गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के कुशल निर्देशन में अपराध नियंत्रण को लेकर अपराधियों के विरुद्ध गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत पुलिस ने दहेज हत्या के वांछित आरोपी सास व ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

गुरुवार को कटार निवासी एक विवाहिता की संदिग्ध मौत हो गई थी। मृतका के पिता की तहरीर पर मृतका के सास व ससुर के विरुद्ध दहेज हत्या का मामला दर्ज किया गया था। मामला दर्ज होने के बाद दोनों वांछित चल रहे थे। शनिवार को गिलौला थानाध्यक्ष अखिलेश पांडेय टीम के साथ वांछितों की तलाश में भ्रमणशील थे।

# 10 लीटर कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** अवैध शराब की बिक्री व निर्माण पर अंकुश लगाने को लेकर पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य के निर्देशन गिरफ्तारी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शनिवार को कोतवाली भिनगा के प्रभारी निरीक्षक बृजेश द्विवेदी टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे।

गश्त के दौरान पुलिस ने अमरहवा जाने वाले कच्चे रास्ते पर स्थित पुलिया के पास एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली। तलाशी के दौरान पुलिस को उसके कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुए। बरामद शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# पुलिस ने 47 वाहनों का चालान काटा

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार मौर्य के निर्देश पर शुक्रवार को विभिन्न थाना क्षेत्रों में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के तहत सभी चेक पोस्टों पर वाहन चेकिंग की गई। साथ ही यातायात पुलिस की ओर से भी विभिन्न स्थानों पर चेकिंग लगाकर वाहनों को चेक किया गया। वाहन चेकिंग के दौरान 148 वाहनों के कागजात, सीट बेल्ट व हेलमेट के साथ ही वाहन में सवार यात्रियों के मास्क को देखा गया।

# 92 पर कोविड नियम उल्लंघन की कार्रवाई

**श्रावस्ती।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोविड नियमों का उल्लंघन करने वाले लोगों के विरुद्ध अभियान चलाया जा रहा है। दैनिक भ्रमण व गश्त के दौरान बिना मास्क के मिलने वाल लोगों पर जुर्माना लगाया जा रहा है। साथ ही चौक चौराहों पर चेकिंग कर लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग के साथ ही अन्य नियमों का पालन करने की सख्त हिदायत दी जा रही है।

तीन महीने के बाद फिर से शुरू हो गया संपूर्ण समाधान दिवस

# सभी शिकायतें समय पर निपटाएं

## निर्देश

श्रावस्ती | संवाददाता



भिनगा समाधान दिवस में शिकायत सुनते जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक • हिन्दुस्तान

तीन महीने बाद फिर से संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शुरू हो गया है। समाधान दिवस का दिन मंगलवार के बजाय शनिवार होने से फरियादियों की संख्या कम रही। डीएम ने भिनगा तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता की।

तहसील भिनगा में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस/तहसील दिवस में फरियादियों की समस्याओं को सुनकर उनका निस्तारण करने के दौरान जिलाधिकारी टीके शिबु ने कहा कि समाधान दिवस में एवं जनता दर्शन में आयी आईजीआरएस शिकायतों को गम्भीरता से सम्बन्धित अधिकारी लें और समय से गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण करें। जिलाधिकारी ने राजस्व निरीक्षक अपने-अपने क्षेत्रो में टीम बनाकर प्राप्त शिकायतों का निस्तारण पुलिस के सहयोग से करें और इसमें कोई लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने सभी लेखपाल एवं राजस्व निरीक्षक को निर्देश दिया कि सरकारी जमीनों में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न होने पाये इसका ध्यान रखा जाय। यदि किसी भी क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण की शिकायत मिली तो सम्बन्धित क्षेत्र के लेखपाल/राजस्व निरीक्षक के विरुद्ध कार्रवाई की जायेगी।

पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने कहा कि महिलाओं की शिकायतों को गम्भीरता से सुने तथा उनका गुणवत्ता पूर्ण ढंग से निस्तारण भी करें। यदि जिले में किसी भी थाना क्षेत्र से कोई भी फरियादी की ओर से किसी भी थानाध्यक्ष की शिकायतों के निस्तारण में लापरवाही बरतने की शिकायत मिली। तो सम्बन्धित थानाध्यक्ष के विरुद्ध दण्डात्मक कार्रवाई की जायेगी।

भिनगा सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 36 प्रार्थना पत्र प्राप्त आए। जिसमें से तीन शिकायतों का निस्तारण किया गया। इसी तरह से सम्पूर्ण समाधान दिवस जमुनहा में आठ शिकायतें मिलीं। जिनमें से मौके पर एक शिकायत का निस्तारण किया गया। जबकि तहसील इकौना में कुल 34 शिकायतें मिलीं, जिनमें से मौके पर ही दो शिकायतों का निस्तारण किया गया।

इस अवसर पर उपजिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा, तहसीलदार राजकुमार पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी आरपी राना, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा जय इन्द्र सिंह, अधिशाषी अभियंता विद्युत आर एस मौर्या, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत श्रीकांत दूबे, डीसी मनरेगा उपेन्द्र पाठक सहित राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं फरियादी मौजूद रहे।

# दहेज हत्यारोपित गिरफ्तार

**श्रावस्ती :** गिलौला थानाध्यक्ष अखिलेश पांडेय पुलिस टीम के साथ गश्त पर थे। लक्ष्मननगर के निकट कटार मोड़ से फरार चल रहे दहेज हत्यारोपित कटार गांव निवासी दंपती मुस्तकीम व ताहिरा को दबोच लिया। आरोपितों को जेल भेजा गया है। (संसू)

## दबोचा गया गैंगस्टर का इनामी आरोपित

**श्रावस्ती :** भिनगा कोतवाली व सिरसिया थाने की संयुक्त टीम ने गैंगस्टर एक्ट के वांछित 15 हजार रुपये के इनामी खैरीकला के लोखड़ियनपुरवा निवासी मंगल उर्फ दिनेश कुमार को खैरी मोड़ तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। आरोपित को जेल भेजा गया है। (संसू)

# शिकायतों का प्राथमिकता से करें निस्तारण : डीएम

## कोरोना काल के बाद पहली बार आयोजित हुआ संपूर्ण समाधान दिवस

संवाद न्यूज एजेंसी

**श्रावस्ती।** वैश्विक महामारी कोरोना काल से बंद हुए संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन शनिवार को पहली बार कराया गया। जिसकी जानकारी के अभाव में नाम मात्र फरियादी ही पहुंच सके। पूरे जिले में मात्र छह शिकायतों का ही निस्तारण हो सका।

भिनगा तसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी टीके शिबु ने कहा कि संपूर्ण समाधान तहसील दिवस में आने वाले फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना जाए। साथ ही उसका समय सीमा में निराकरण भी किया जाए। ताकि फरियादियों को अपनी समस्याओं को लेकर भटकना न पड़े। शिकायतों के निस्तारण के गुणवत्ता की जांच भी की जाएगी। यदि निस्तारण में फर्जीवाड़ा मिला तो निस्तारण करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

इस दौरान यहां कुल 36 मामले आए। जिनमें से तीन मामले का मौके पर निस्तारण कर दिया गया। वहीं जमुनहा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में आठ शिकायतें प्राप्त हुईं। जिनमें से मौके पर सिर्फ एक शिकायत का ही निस्तारण किया गया। इकौना में आयोजित संपूर्ण समाधान दिवस में 34 शिकायतें आईं। इनमें से दो शिकायतों का निस्तारण हुआ।



भिनगा तहसील में आयोजित संपूर्ण समाधान में फरियादियों की शिकायत सुनते अधिकारी। -संवाद

इस दौरान भिनगा में एसपी अरविंद कुमार मौर्य, उपजिलाधिकारी राजेश कुमार मिश्रा, तहसीलदार राजकुमार पांडे, जिला विकास अधिकारी विनय कुमार तिवारी, जिला कृषि अधिकारी आरपी राना, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डॉ. जयइन्द्र सिंह, अधिशाषी अभियंता विद्युत आरएस मौर्या, अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत श्रीकांत दुबे, डीसी मनरेगा उपेंद्र पाठक सहित राजस्व निरीक्षक, लेखपाल एवं फरियादी मौजूद रहे।

# 15 हजार का इनामी गैंगेस्टर गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** कोतवाली पुलिस ने शुक्रवार रात 15 हजार रुपये के इनामी गैंगेस्टर को गिरफ्तार किया है। भिनगा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम खैरीकला के मजरा लोखड़ियनपुरवा निवासी मंगल उर्फ दिनेश कुमार के विरुद्ध स्थानीय थाने में गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। भिनगा कोतवाली पुलिस की रिपोर्ट के बाद जिलाधिकारी द्वारा उसके विरुद्ध गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई की गई थी। साथ ही उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिया गया था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए एसपी द्वारा 15 हजार रुपये के नगद पुरस्कार की घोषणा की गई थी। मुखबिर की सूचना पर शुक्रवार की शाम प्रभारी निरीक्षक भिनगा बृजेश द्विवेदी ने हमराहियों के साथ छापा मारकर खैरीमोड़ तिराहे से उसे गिरफ्तार कर लिया। जिसे बाद में न्यायालय में पेश किया गया। जहां से आरोपी को जेल भेजा गया। इस बारे में एएसपी बीसी दुबे ने बताया कि गिरफ्तार मंगल के विरुद्ध चोरी, लूट, आर्म्स एक्ट, एनडीपीएस एक्ट सहित भिनगा कोतवाली में सात मामले दर्ज हैं। जिसे गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। (संवाद)

# शांतिभंग में 11 धरे

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने शुक्रवार रात विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 11 लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

## दहेज हत्या में वांछित दंपती दबोचे

**श्रावस्ती।** गिलौला के कटार में हुई विवाहिता की हत्या के बाद मृतका के पिता ने ससुरालीजनों पर दहेज के लिए पुत्री की हत्या करने का आरोप लगाया था। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। विवाहिता की मौत के बाद मृतका के ससुरालीजन मौके से फरार चल रहे थे। शुक्रवार शाम थाना प्रभारी गिलौला अखिलेश पांडे टीम के साथ भ्रमण पर निकले थे। इस दौरान टीम ने कटार मोड़ के पास से मुस्तकीम व उसकी पत्नी ताहिरा को गिरफ्तार कर लिया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। (संवाद)

## 47 वाहनों का हुआ ई-चालान

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस की ओर से शनिवार को जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस ने 148 वाहनों की जांच की। जांच के दौरान पुलिस ने एक वाहन को सीज किया साथ ही 47 वाहनों का ई-चालान किया। साथ ही पुलिस ने 1,12,000 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। वहीं कोविड 19 से सुरक्षा एवं बचाव के तहत चलाये गए अभियान में 92 लोगो के विरुद्ध मास्क न लगाये जाने के कारण कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने 12,400 रुपये का चालान भी किया। (संवाद)